# हरिभूमि रायपुर भूमि

- चूहों के कुतरे जाने से हो रही पक्षियों की मौत
- छह माह पूर्व हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी

## नंदनवन में चूहे पहले पक्षियों का दाना खाते थे, अब कर रहे उनका शिकार, कई की मौत



### चूहों ने बनाए सैकड़ों की संख्या में बिल

*पक्षी विहार में चूहों ने सैकड़ों की संख्या में बिल बना लिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि चूहे अब अपने आसपास मानव आहट के बाद भी बिल में छिपने के बजाय पक्षियों के दाने चट करते देखे जा सकते हैं। चूहों के उपाय करने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय से संपर्क किया गया, तो उन्होंने इसके लिए उपाय करने की बात कही।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अटारी स्थित नंदनवन पक्षी विहार में उड़ान भर रहे पक्षियों के लिए चूहों की चीं..चीं की आवाज मौत का पैगाम साबित हो रही। चूहे पूर्व में पक्षी विहार में पक्षियों के दाने चट कर रहे थे। वहीं चूहे अब पक्षियों को कुतर रहे हैं। चूहों के कुतरे जाने से पक्षियों के गर्दन तक अलग हो रहे, पक्षियों की आकाल मौत ▶▶| शेष पेज 13 पर






29 जून 2025 को प्रकाशित खबर।



### चूहों को इसलिए नहीं मार सकते

पक्षी विहार में भारी तादाद में चूहे हैं, लेकिन इन चूहों को मारने के लिए जहर नहीं दिया जा सकता। इसकी वजह पक्षी विहार में रहने वाले पक्षी जहर की चपेट में आ सकते हैं। इससे पक्षियों की मौत हो सकती है। पक्षी विहार के अफसर के अनुसार चूहों के दाना खाने के बाद भी पक्षियों के लिए पर्याप्त मात्रा में दाना रहता है।



### बचाव के लिए करने होंगे उपाय

चूहों को जहर देकर मारना संभव नहीं है, लेकिन चूहों के नियंत्रण के लिए प्रबंधन को पारंपरिक उपाय करने होंगे। साथ ही जिन स्थानों पर चूहों ने बिल बना लिया है, वहां की जमीन की खुदाई कर जमीन के नीचे कांच के टुकड़े के साथ लोहे की कील डालकर ऊपर से मिट्टी डालकर चूहों से बचाव का उपाय किए जा सकते हैं।

## एक्सीडेंट खत्म करने रेलवे का बड़ा कदम, साल में दो बार होगी सुरक्षा जांच, दूसरे जोन की टीम को जिम्मा

*भारतीय रेलवे ने ट्रेन दुर्घटनाओं को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य से सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ज्यादा सख्त कर दिया है। जनवरी 2026 से देश के सभी 17 रेलवे जोन और कोलकाता मेट्रो की सुरक्षा जांच अब साल में दो बार होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पहले यह इंटर-रेलवे सुरक्षा ऑडिट केवल साल में एक बार होता था और कई बार समय पर नहीं हो पाता था, लेकिन इस बार रेलवे बोर्ड ने इसे अनिवार्य बना दिया है और तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा) बीएम त्रिपाठी ने 26 नवंबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित सभी जोनों के महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर नया शेड्यूल जारी किया है। नए नियम के अनुसार सुरक्षा जांच दो चरणों में होगी। पहला चरण जनवरी से जून और दूसरा चरण जुलाई से दिसंबर। हर रेलवे जोन की जांच अब दूसरे जोन के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम करेगी और बदले में उसकी जांच भी कोई अन्य जोन करेगा।

### हर रेलवे जोन की जांच अब दूसरे जोन के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम करेगी, बदले में उसकी जांच भी कोई अन्य जोन करेगा



### 30 दिन के अंदर सुधार अनिवार्य

नई व्यवस्था के तहत जांच पूरी होने के सात दिन के अंदर विस्तृत रिपोर्ट संबंधित जोन के महाप्रबंधक को और रेलवे बोर्ड के आनलाइन सेफ्टी आडिट माड्यूल में अपलोड करनी होगी। कमियां मिलने पर संबंधित जोन को 30 दिन के अंदर सुधार कर सबूत देना अनिवार्य होगा। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी रखी गई है ताकि कागजी खानापूर्ती की कोई गुंजाइश न रहे। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम इसलिए जरूरी था क्योंकि कई जोन पहले एक बार की जांच को भी टाल देते थे या उसे गंभीरता से नहीं लेते थे। अब हर जोन पर दूसरे जोन की नजर रहेगी, जिससे अपनी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### जांच का उद्देश्य छोटी-छोटी प्रक्रियात्मक चूक को पकड़ना है

*उदाहरण के लिए उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की जांच ईस्टर्न रेलवे करेगा, जबकि एनसीआर ईस्टर्न रेलवे की जांच करेगा। इसी चक्रीय व्यवस्था में सेंट्रल रेलवे-वेस्ट सेंट्रल, वेस्टर्न-सेंट्रल, साउथ वेस्टर्न-कोंकण और कोंकण-साउथ सेंट्रल रेलवे एक-दूसरे की जांच करेंगे। यह जांच महज औपचारिक निरीक्षण नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य उन छोटी-छोटी प्रक्रियात्मक चूक को पकड़ना है, जो बड़े हादसों का कारण बनती हैं। ट्रैक, सिग्नल, ब्रेक जैसी दिनचर्या की जांच से आगे* ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 2026 इंटर-रेलवे सुरक्षा जांच शेड्यूल

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दक्षिण पूर्व रेलवे : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर
- पूर्व तट रेलवे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर
- दक्षिण पूर्व रेलवे पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर
- मध्य रेलवे पश्चिम मध्य रेलवे : जनवरी-फरवरी और जुलाई-अगस्त
- पूर्व रेलवे पूर्व मध्य रेलवे : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर
- पूर्व मध्य रेलवे मेट्रो रेलवे, कोलकाता : मई-जून और नवंबर-दिसंबर
- उत्तरी रेलवे उत्तर पश्चिम रेलवे : जनवरी-फरवरी और जुलाई-अगस्त
- उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) पूर्व रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर
- पूर्वोत्तर रेलवे उत्तरी रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर
- पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे दक्षिण रेलवे : जनवरी-फरवरी और सितंबर-अक्टूबर ▶▶| शेष पेज 13 पर

फिजिकल टिकट लेने दूसरे जिलों के दर्शकों को दिक्कत

## अब नया रायपुर में 3 तारीख को क्रिकेट संघ खोल सकता है काउंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वनडे मैच के लिए 48 हजार टिकट बिकने के बाद अब फिजिकल टिकट लेने के लिए लोग रायपुर के इंडोर स्टेडियम पहुंचने लगे हैं। राजधानी के लोगों को टिकट लेने में ज्यादा परेशानी नहीं हो रही, लेकिन अन्य जिलों से टिकट बुक करने वालों को अब फिजिकल टिकट के लिए रायपुर आना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की ओर से फिलहाल रायपुर के अलावा किसी अन्य जिले में फिजिकल टिकट वितरण की व्यवस्था नहीं की गई है। जानकारी के मुताबिक अभी तक करीब 60 प्रतिशत दर्शक, जो अन्य जिलों से हैं, जिसने फिजिकल टिकट ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 1500 के टिकट के लिए 3 हजार तक चुकाने को तैयार दर्शक

*वनडे मैच की टिकट बुकिंग पूरी होने के बाद अब टिकटों की कालाबाजारी शुरू हो गई है। कई क्रिकेट प्रेमी मैच देखने की चाह में 1500 रुपये वाले टिकट के लिए 3000 रुपये तक देने को तैयार हैं। इंडोर स्टेडियम के काउंटर में भी लोग अतिरिक्त टिकटों की मांग कर रहे हैं। वहीं जिन लोगों को ऑनलाइन या पहले चरण में टिकट नहीं मिल पाया, वे अब दूसरों से महंगे दामों में टिकट खरीदने की कोशिश कर रहे हैं।*






# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बोले- एसआईआर में संदिग्ध नामों पर होगी सख्त कार्रवाई

## केवल अवैध प्रवासी और घुसपैठियों को डर लगना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के संशोधन के लिए संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पाई गई संभावित फर्जी प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने साफ कहा है, मतदाता सूची की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और हर संदिग्ध प्रविष्टि की सख्त जांच और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। केवल अवैध प्रवासी और घुसपैठियों को डर लगना चाहिए। जो वैध मतदाता है, उनको डरने की जरूरत नहीं है।



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, 2003 के मूल रिकॉर्ड में जिन व्यक्तियों का कोई पारिवारिक सदस्य, ब्लड रिलेशन या पारिवारिक उपस्थिति दर्ज ही नहीं थी, ऐसे नाम अब अचानक कैसे आ गए, इसकी पूरी गहराई से जांच की जाएगी। जो भी व्यक्ति पहले से यहां रहते आए हैं उनका नाम 2003 की सूची में अवश्य होगा या उसके परिजनों, रिश्तेदारों की उपस्थिति का जरूर कोई ना कोई रिकॉर्ड होगा और यदि नहीं है तो उनके मूल निवास के संबंध में जांच करने के साथ उनके विरूद्ध विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के तहत नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा, यदि मतदाता सूची में किसी के नाम फर्जी तरीके से जोड़े गए हैं, दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां हैं, पारिवारिक संबंध साबित नहीं होते, निवास प्रमाण झूठे या संदिग्ध हैं तो ऐसे व्यक्तियों पर बिना किसी देरी के कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी। इसके लिए अवैध प्रवासी अधिनियम, विदेशी अधिनियम आदि के तहत कठोर धाराओं के प्रावधानों के अनुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर उन्हें जेल भेजने में भी कोई हिचक नहीं होगी।श्री शर्मा ने कहा, केवल अवैध प्रवासी और घुसपैठियों को डर लगना चाहिए। हमने पड़ोसी देश की सीमाओं में देखा है कि कैसे लोग अब अपने देश को लौट रहे हैं। देश घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा यह देश भारतीयों का है कोई दूसरे देश से आकर हमारे देश के लोगों के अधिकारों और संसाधनों को नहीं छीन सकता है और हमारे देश में आकर कोई दहशत या आतंक फैलाए ये हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## बयान आपत्तिजनक, कांग्रेस की मांग- चुनाव आयोग ले संज्ञान

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान ही प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा जारी किया गया बयान बेहद ही आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, चुनाव आयोग इस संबध में गृहमंत्री विजय शर्मा से स्पष्टीकरण मांगे कि उन्होंने किस हैसियत से यह बयान दिया है। एसआईआर आयोग का काम है या राज्य सरकार का, राज्य के मंत्री कैसे बिना एसआईआर पूरा हुये किसी नागरिक की नागरिकता पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

दो साल से गृहमंत्री हैं देश में मोदी की 14 साल से सरकार है। उसके बाद घुसपैठिये का हव्वा क्यों बनाया जा रहा है। गृहमंत्री प्रदेश के



■ एसआईआर के लिए अनुचित दबाव बनाने के बजाय समय बढ़ाए सरकार

एससी, एसटी नागरिकों को अप्रत्यक्ष धमका रहे हैं उनकी नागरिकता पर सवाल खड़ा कर रहे, आयोग कहता है एसआईआर नागरिकता की जांच नहीं है, गृहमंत्री उसी आधार पर लोगों को धमका रहे हैं। उन्होंने कहा, हड़बड़ी में बीएलओ पर अनुचित दबाव बना कर त्रुटिपूर्ण एंट्री करवाने के बजाय उन्हें विस्तृत पुनरीक्षण कार्य के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। गणना पत्रक फॉर्म भरने के लिए कम से कम एक माह का समय बढ़ाया जाय। टेबल टॉप मिलान से लेकर गणना पत्रक फॉर्म बांटने और डिजिटल एंट्री को लेकर निर्वाचन आयोग के दावे विश्वसनीय नहीं हैं। सत्ता के दबाव में त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं, जो मतदाता घरों में नहीं मिले या जिनका निवास स्थल परिवर्तित हो गया है, उनको विलोपन सूची में डालना सर्वथा अनुचित है। ऐसे मतदाताओं की तस्दीक करके उनको भी पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

---

**खबर संक्षेप**

### एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन 3 बीएलओ हुए सम्मानित



**रायपुर।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समय से पहले लक्ष्य हासिल करने वाले बुथ लेवल अफसरों (बीएलओ) को जिला प्रशासन सम्मानित कर रहा है। इसके तहत शनिवार को जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने तीन बीएलओ को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में एसआईआर की ड्यूटी में लगे बीएलओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सम्मानित किए गए बुथ लेवल अधिकारियों में मतदान केंद्र 155 राजातालाब की बीएलओ सुनीला फेंकलिन, मतदान केंद्र 59 पंडरीतराई की बीएलओ देवकुमारी भरद्वाज तथा मतदान केंद्र 58 पंडरीतराई की बीएलओ गेंदूराम देवदास शामिल है। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष मिश्रा, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राकेश देवांगन, जोन कमिश्नर प्रीति सिंह उपस्थित रहे।

### गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**रायपुर।** जमीन की गाइड लाइन दरों के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। भूमि की गाइडलाइन दरों में की गई 10 से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के जनविरोधी निर्णय के विरोध में शनिवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन, गांधी मैदान परिसर में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर प्रदेश एवं शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीकुमार मेनन, पप्पू बंजारे, विकास उपाध्याय पंकज शर्मा, आकाश तिवारी, सत्यनारायण नायक, शिरीष अवस्थी, दिनेश ठाकुर, प्रशांत ठेंगड़ी, प्रवीण चंद्राकर, बाकर अब्बास, देव साहू, अविनय दुबे, सुरेश उपाध्याय, अनिल रायचुरा अस्सू, राकेश धोतरे, ओम श्रीवास आदि उपस्थित थे।

---

**रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, कांग्रेस को भाजपा के झूठ ने हराया**

# झूठ, अफवाह फैलाकर जनता को किया भ्रमित 2 साल में ही पब्लिक के दिल में उतर गई बात

## ट्रिपल इंजन सरकार के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास चर्चा**

नगर निगम के वरिष्ठ पूर्व एमआईसी सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा है कि भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के बारे में जनता के बीच झूठ, अफवाह फैलाकर भ्रमित किया है। 2 साल में ही जनता के दिल में यह बात उतर चुकी है। इसीलिए हम अब ट्रिपल इंजन की सरकार के खिलाफ पूरे शिद्दत के साथ आंदोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा पूरी तरह साफ होने के सवाल उन्होंने कहा कि कांग्रेस को झूठ ने हराया है। नवनियुक्त शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन से हरिभूमि ने जनहित से जुड़े मुद्दे और उनके विजन को लेकर विचार साझा किए जिसमें उन्होंने खुलकर अपने मन की बात कही।

**- सत्ता में होने के बाद भी पिछले विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का प्रदेश में सूपड़ा साफ हो गया, क्या जनता का कांग्रेस पार्टी से मोहभंग है, या कुछ और बात?**

- महतारी वंदन सहित कुछ लोक लुभावन वादे और जनता के बीच झूठ और अफवाह फैलाया गया, इसकी वजह से पार्टी का सूपड़ा साफ हुआ है। मेरे विचार से कांग्रेस को भाजपा के झूठ और अफवाह ने हराया है। अब हम 11 साल की मोदी सरकार, 2 साल के विष्णुदेव साय सरकार और 1 साल से शहर सरकार के कार्यकलापों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ने उतरेंगे। सरकार ने जनता से जो वादे किए, उसमें वो खरे नहीं उतर पाई है, इस बात से जनता बेहद नाराज है।

**- रायपुर शहर में ऐसे कौन-कौन से मुद्दे हैं, जिस पर जनता की आवाज उठाने की जरूरत है?**

- रायपुर नगर निगम में विकास के कार्य नहीं हो रहे, सफाई व्यवस्था को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी जनता को है, सभापति से लेकर मेयर और पार्षद प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि नहीं मिलने पर त्रस्त है। रहवासी इलाकों में स्ट्रीट लाइट, समय पर सुधारी नहीं जा रहा है। मकान का नक्शा पास कराने लोगों





को महीनों भटकना पड़ रहा है। महापौर मैडम भी इस काम में पीछे हैं। कुल मिलाकर शहर में जनता से जुड़े विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। इन मुद्दों को हम प्रमुखता से उठाएंगे। इसके अलावा प्रदेश की साय सरकार द्वारा बिजली की दर में अनाप-शनाप बढ़ोतरी यह बड़ा विषय है, जिससे हर कोई परेशान है। रजिस्ट्री के लिए जमीन की नई लाइन दर को लेकर चौतरफा विरोध प्रदेशभर में हो रहा है। इससे गरीब, मध्य व सभी वर्ग के लोग परेशान हैं।

**- रायपुर शहर दिग्गजों का गढ़ है यहां कोई चाहता है कि उनके निर्देश पर काम हो, शहर जिला अध्यक्ष के रूप में आप क्या बड़े नेताओं का सिर्फ निर्देश ही मानेंगे या अपने तरह से भी काम करेंगे ?**

- 5000 हजार लोगों से बातचीत करने और शहर के सांसद, विधायक तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी मुझे आम सहमति से शहर जिला अध्यक्ष की बागडोर सौंपी गई है। इसलिए वरिष्ठ नेताओं के निर्देश व मार्गदर्शन की जरूरत तो रहेगी ही। कोई भी साथी सुझाव दे सकता है, पार्टी में सबको साथ लेकर कार्य करूंगा, इसमें किसी प्रकार कोई प्रेशर वाली बात नहीं है।

**- शहर जिला अध्यक्ष बनने के बाद क्या दावेदार आपसे मिलने आए या फोन पर बधाई दी?**

- दावेदार मिलने तो नहीं आए हैं, पर फोन से बधाई मिली है, हम उनके पास जाएंगे, या उनसे संपर्क रखकर उनके सुझाव पर गौर करेंगे।

### महतारी वंदन का पैसा बिजली बिल में लूट रही सरकार, जनता समझदार : राजेंद्र-पप्पू बंजारे, ग्रामीण अध्यक्ष

एआईसीसी ने प्रदेश भर के 41 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है, जिसमें रायपुर ग्रामीण से राजेंद्र पप्पू बंजारे को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। श्री बंजारे का कहना है विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार महिलाओं को महतारी वंदन में 1 हजार रुपए महीने का प्रलोभन देकर चुनाव जीती है, पर आज उसी पैसे की वसूली आम जनता से बिजली बिल की दर मनमाने तरीके से बढ़ाकर कर रही है। जनता से झूठे वादे करने वाली साय सरकार सत्ता में तो आ गई। पर अनाप-शनाप बिजली बिल और डिजिटल मीटर लाकर जनता को लूट रही है। 3100 रुपए में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदने का वादा करने वाली सरकार 15 से 16 क्विंटल प्रति एकड़ धान प्रसमर्थन मूल्य पर ले रही है। यह किसानों के साथ धोखा है। स्टांप ड्यूटी में बढ़ोतरी से किसानों को जमीन खरीदना व बेचना मुश्किल हो गया है। आमतौर छोटे व मध्य वर्ग के किसान बच्चों की पढ़ाई, शादी, या इलाज के लिए जमीन बेचते हैं, पर आज वो भी मुश्किल हो गया है। हम इस मुद्दे को लेकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता के बीच जाएंगे। महतारी वंदन की हकीकत जनता को समझ में आ रही है, इसलिए इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

**- कौन कौने से दावेदार आपको जीत की बधाई देने पहुंचे या फोन पर ही बधाई दी?**

- प्रवीण साहू का बेटा, नागभूषण राव ने बधाई दी है, सभी दावेदार को साथ लेकर चलेंगे।

## जमीन खरीद की नई गाइडलाइन पर बोले मेनन- यह यू-टर्न की सरकार, छत्तीसगढ़ को बना दिया प्रयोगशाला



छत्तीसगढ़ सरकार की जमीन खरीद की नई गाइ डलाइन को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कहा, यह यू-टर्न की सरकार है। छत्तीसगढ़ को प्रयोगशाला बना दिया है। ये सरकार पहले निर्णय लेती है, फिर जनता की नाराजगी देखती है, उसके बाद यू-टर्न लेती है। बिजली बिल में ऐसा किया, शराब नीति में ऐसा किया और अब जमीन की दरों में भी वही हो रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेश में असमंजस की स्थिति है। समझ नहीं आता कि सरकार चला कौन रहा है, यह शोध का विषय है। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में नगर निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे ने कहा, सरकार पिछले एक सप्ताह से गाइड लाइन के तत्वहीन फायदे गिनाकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने बिजली बिल बढ़ोतरी, किसानों पर बोझ और महंगाई को लेकर भी सरकार पर तीखे सवाल दागे। उन्होंने कहा, भाजपा शासन ने किसान और आम आदमी के पेट पर लात और पीठ पर कोड़ा मारा है। प्रमोद दुबे ने चुनौती देते हुए कहा, यदि सरकार गाइड लाइन को लेकर कांग्रेस नेताओं के फायदे के आरोप पर श्वेत पत्र जारी नहीं करती, तो कांग्रेस भाजपा नेताओं की जमीन का "काला पत्र" जारी करेगी। ओपी चौधरी फेसबुक पोस्टों में रेट तय करवाने की कोशिश कर रहे हैं और खुद जनता ही कमेंट में उनका जवाब दे रही है।

### कांग्रेस सरकार में दरें थीं कम राजस्व तेजी से था बढ़ा

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, कांग्रेस शासन में जमीन दरें कम की गई थीं और रजिस्ट्री ऑफिस में काम तेजी से होता था। राजस्व बढ़ रहा था और जनता संतुष्ट थी। आज स्थिति देखकर फर्क समझ में आ जाएगा। सरकार ने बिना सोचे-समझे भारी बढ़ोतरी कर दी, जिससे जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ है। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, यह साफ दिखाता है कि गाइड लाइन आम आदमी के लिए नहीं, किसी विशेष वर्ग को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई गई है।

### गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में हवन

छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइन दरों में की गई भारी भरकम बढ़ोतरी के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में पुरानी बस्ती स्थित महिला समृद्धि बाजार परिसर के हनुमान मंदिर में हवन–पूजन किया गया। हवन के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने तथा बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों को तत्काल वापस लेने की प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा, गाइड लाइन दरों में की गई यह बढ़ोतरी आम जनता, मध्य वर्ग, छोटे व्यवसायियों और युवाओं के लिए भारी परेशानी का कारण बनी है। प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रायपुर प्रवास पर हैं, इसलिए हवन-पूजन के माध्यम से यह संदेश सीधे उन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

---

# चुनाव में प्रदर्शन के आधार पर बदले गए जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी गई है। नामों की घोषणा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को देखते हुए जिला अध्यक्ष बदले गए हैं। ऐसे जिले जहां पर कांग्रेस को करारी हार मिली, वहां शहर और ग्रामीण दोनों अध्यक्षों को बदलकर नए लोगों को मौका दिया गया है। ऐसे जिलों में रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कवर्धा, राजनांदगांव, रायगढ़, दंतेवाड़ा, महासमुंद, जांजगीर-चांपा सहित करीब 25 जिले शामिल हैं।

कांग्रेस ने लगभग 25 स्थानों पर नए जिला अध्यक्षों को संगठन को मजूबत करने की जिम्मदारी सौंपी है। वहीं करीब 16 स्थानों पर अध्यक्षों को दोबारा मौका दिया गया है। संगठन सृजन अभियान के दौरान नए और युवाओं को आगे लाने का प्रयास किया गया है। जारी सूची में यह देखा गया है कि रायपुर जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सभी सीटों में कांग्रेस को करारी हार मिली। यहां पर जिला अध्यक्ष पिछले पांच



साल से कार्य कर रहे थे। इस आधार पर उनके स्थान पर नए लोगों को मौका दिया गया है। बिलासपुर और राजनांगांव जिले में शहर और ग्रामीण दोनों जगहों पर नए लोगों को मौका दिया गया है। यहां पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। रायगढ़ शहर में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, वहीं ग्रामीण से कांग्रेस को एक स्थाना पर जीत मिली थी। इस आधार पर शहर जिला कांग्रंस अध्यक्ष को बदला गया है। ग्रामीण में नहीं बदला गया है। दंतेवाड़ा, महासमुंद, कवर्धा में भी जिला अध्यक्षों पर हार का ठीकरा फूटा है।

### गुटीय दबाव में भी नियुक्ति

हार-जीत के अलावा कई जगहों पर विधानसभी वुनाव में हारने के बाद बई जिला अध्यक्षों को फिर से मौका दिया गया है। यहां पर यह देखने में आया है कि बड़े नेताओं के दबाव में उन्हें नहीं बदला गया। इनमें जगदलपुर शहर से सुशील मौर्य का नाम शामिल है। वे दीपक बैज के समर्थक माने जाने हैं। वहीं सरगुजा जिले में टीएस सिंहदेव समर्थक को एक बार फिर मौका दिया गया है। बेमेतरा जिले में कांग्रेस की बूरी तरह से हार हुई थी। इसी प्रकार अधिकांश जिला अध्यक्षों की नियुक्ति चार माह पूर्व नियुक्त किए जिला अध्यक्ष शामिल हैं। उन्हें बदला नहीं गया है।

### एकजुटता के साथ काम करें

छत्तीसगढ़ के पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ये नियुक्तियां लोकतांत्रिक और पारदर्शी संगठनात्मक पुनर्निर्माण के प्रति आलाकमान की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए एकजुटता के साथ काम करने की हिदायत दी है। कांग्रेस ने इस बार महिलाओं को भी मौका दिया है। बलौदाबाजार से सुमित्रा घृतलहरे, धमतरी से तारिणी चंद्राकर शक्ति से रश्मी गभेल सहित कम से कम आठ महिला नेताओं को नियुक्त किया गया है।

# क्रिकेट मैच के टिकटों की कालाबाजारी, जनता को रियायती दर पर भी नहीं दिलवा पा रही सरकार

**ऑनलाइन टिकिट बुक करने के बाद घंटों लाइन लगवाया जा रहा : सुशील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत, साउथ आफ्रीका के बीच नवा रायपुर में 3 दिसंबर को होने वाले क्रिकेट मैच के टिकटों में काला बाजारी खुलकर की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, ऑनलाइन टिकट बेचे जाने की घोषणा राज्य क्रिकेट संघ ने की थी, लेकिन सिर्फ आधे घंटे में वेबसाइट को बंद कर दिया गया। जिन लोगो ने ऑनलाइन टिकट खरीद लिया था उनको टिकट का मेन्यूअल टिकट लेने के लिये इंडोर स्टेडियम बुलाया गया, लेकिन वहां भी आधे घंटे में काउंटर बंद कर दिया गया। क्रिकेट प्रेमी घंटों कतार लगाकर टिकट लेने का इंतजार करते रहे। पहले ऑनलाइन बुक करना, उसके बाद फिर बुलाकर



लाइन लगवा कर मेन्यूअल टिकिट देना, ऐसोशियसन का गैर जिम्मेदाराना रवैया है। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों को रियायती दर पर टिकट की घोषणा की थी, पर विद्यार्थी भटक रहे हैं, उन्हें रियायती टिकट नहीं दिया जा रहा है। सभी टिकटों को पीछे दरवाजे से बेच दिया गया। उन्होंने कहा, नागरिक पैसे देकर टिकट नहीं पा रहे हैं। आयोजक मंत्रियों, सत्तारूढ़ दल के नेताओं और अधिकारियों के घर कांप्लीमेंट्री टिकट भेज रहे हैं। जो स्टेडियम में राज्य की जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे से कांग्रेस की सरकार ने बनाया था। भाजपा सरकार ने उसे क्रिकेट संघ को मुफ्त में सौंप दिया।

RAGHAV PUBLIC SCHOOL
CBSE AFFILIATION NO. - 3330548
JOB VACANCY ANNOUNCEMENT 2026-27
TEACHING POSITIONS:
• Pre-Primary Teachers (PPRT) - Montessori / NTT trained graduates
• Primary Teachers (PRT) - All subjects
• Trained Graduate Teachers (TGT) - English, Mathematics, Science, Social Studies, Hindi, Sanskrit & Information Technology
• Post Graduate Teachers (PGT) - Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, English, Hindi, Accountancy, Business Studies, Economics, Physical Education, Political Science, History, Geography & Computer Science.
• PET - B.P.Ed / M.P.Ed qualified*
• Art & Craft Teacher • Music & Dance Teacher
• Librarian - B.Lib / M.Lib qualified
NON-TEACHING POSITIONS
• Accountant • Receptionist • Office Assistant.
• Lab Assistant • Admission Counselor
• IT Support Staff • Transport In-Charge
QUALIFICATIONS & REQUIREMENTS
• Qualifications must meet CBSE norms.
• Excellent communication skills and fluency in english are mandatory.
• Relevant teaching or administrative experience preferred.
• Computer literacy is essential for all positions.
APPLICATION PROCESS
• Interested candidates may send their updated resume, a recent passport-size photograph and copies of relevant certificates to:
Email: hr.rpsraipur@gmail.com,
Mo: 94373-66814, 94250-21718, 83052-51142
Join our team and be part of a dynamic institution committed to excellence in education.
Khanna

# यूथ हब तोड़कर सरकारी पैसों की बर्बादी, पीएम मोदी से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

**पूर्व विधायक विकास के नेतृत्व में काले कपड़े पहनकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज के पास 19 करोड़ रुपए से बने यूथ हब फूड कोर्ट को तोड़कर सैकड़ों परिवारों को बेरोजगार करने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से काले कपड़े में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर शिकायत करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस द्वारा बलपूर्वक रोक दिया गया।

मामले में बताया गया कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे की हठधर्मिता के कारण शासन द्वारा निर्मित सुव्यवस्थित यूथ हब को तोड़कर सैकड़ों परिवारों को बेरोजगार करने वालों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। विकास उपाध्याय ने कहा, ऐसा कृत्य करने वालों को छत्तीसगढ़ की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा को इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा, क्योंकि यह राजनितिक दबाव में किया गया एक अमानवीय कृत्य है। फलस्वरूप आमजन व उनके समूचे परिवारों को परेशान होना पड़ रहा है। यूथ हब के बेरोजगार और परेशान परिवारों को न्याय दिलाने के लिए आवाज़ उठा रहे विकास उपाध्याय ने कहा, यदि इन परिवारो को न्याय नहीं मिला, तो आगे उग्र आंदोलन किया जायेगा।

---

**तहसीलदार,मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.न. - 00023 चीचा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202526440204800002

**// ईश्तहार //**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम चीचा के वर्तमान भूमिस्वामी आशीषराम पि बुलकू पिता/पति- पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 293 (0.0600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रजवंतीन जांगडे पिता/पति स्व. आशीष राम पता- ग्राम व पोस्ट सिवनी, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर, रजनी बाई भारती पिता/पति-स्व. आशीष राम पता-ग्राम व पोस्ट सिवनी, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार : Vinod kumar sahu, मंदिर हसौद

---

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न. - 00026 नायकबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202526441630700002

**//ईश्तहार//**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम नायकबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी जगेसर, जगेसरू, सुखीलाल जगेसरी, बुधवंतिन पिता/पति- पिता समारू पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 374 (0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नारायण पिता/पति- पिता फेरहा पता सा. देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदारः SITA SHUKLA, तहसील - अभनपुर

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16**
**तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन सूचना**

दिनांक 16/11/2025

**प्रति,**
(1) राजीव पाण्डेय पिता महादेव पाण्डेय पता ब्राम्हण पारा रायपुर (2) नारायण सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम ठाकुर (3) पीलाराम सिंह ठाकुर पिता बिसाहूराम ठाकुर (4) नेतराम सिंह ठाकुर पिता बिसाहू राम ठाकुर

**विषय-** आवेदक/आवेदिका नेतराम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. बिसाहू राम ठाकुर निवासी द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 834/3 क्षेत्रफल 0.652 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भ-** न्यायालय अति./नायब तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र....वा/अति./ना. तह./202 धरसीवां दिनांक 25/06/25 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषायांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति./ना. तहसीलदार धरसीवां के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 11/12/2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि की संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 23 के बरौदा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरुप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16 (सारागांव)

# आनलाइन टोकन कटाना किसानों की मुसीबत, आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धान खरीदी जब से शुरू हुई है तब से धान बेचने किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसान लगातार टोकन ऑनलाइन प्रयास कर रहे है लेकिन 2 मिनट में लिमिट खत्म हो जाता है,ऑफलाइन केंद्रों में मात्र 30% है जो लिमिट आधे होने की वजह से 5 किसान में समाप्त हो जा रहा है। किसान चॉइस सेंटर एवं समितियों में चक्कर लगा रहे है । किसानों में हताशा छाया हुआ है किसानों में गुस्सा है किसान लामबंद होकर आंदोलन का रुख अपनाने तैयारी शुरू कर रहे है , लिमिट समितियों का आधा करने से किसानों में खास कर बड़े किसान पूरी तरह से धान बेचने से वंचित हो रहा है समितियों में 700,800क्विटल का लिमिट है फिर बड़े किसान एक बार में 500 क्विंटल बेचना है तो उसे टोकन ही उपलब्ध नहीं करा रहे है मध्यम किसान भी धान नहीं बेच पा रहे है

## किसान चॉइस सेंटर एवं समितियों में चक्कर लगा रहे है



फाइल फोटो

एक एकड़ वाले किसानों का भुगतान 2 दिन में हो जा रहा है वहीं ज्यादा धान बेचने वाले किसानों को भुक्तान भी नहीं हो पा रहा है 7 दिन में भी भुक्तान नहीं हुआ है 22 नवंबर के बेचने वाले किसानों को भुक्तान नहीं हुआ है ,मौसम खराब होने की आशंका में किसान चिंतित है पानी गिरने से खराब न हो जाए।किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि किसानों को आसानी से टोकन उपलब्ध कराए बड़े किसानों को भी टोकन उपलब्ध कराए खरीदी की लिमिट बढ़ाए जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानों को धान बेचने की सुविधा मिल सके किसान लगातार समितियों एवं ऑनलाइन टोकन के लिए लगे है लेकिन हताशा बढ़ रही है किसानों द्वारा टोकन के लिए आंदोलन की तैयारी किया जा रहा है अब सब्र टूटने पर किसानों के साथ आंदोलन करने विचार किया जा रहा हैकिसानों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा साथ ही धान का उठाव की भी व्यवस्था किया जाए,जिससे समिति को सूखत की नुकसान से बच सके।

## खबर संक्षेप

### सशिमं के सप्तशक्ति कार्यक्रम में नारी शक्ति की जानकारी दी

**सिलयारी।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल सिलयारी में सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम दिनांक 19नवम्बर दिन शनिवार को आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम, भारत माता के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर दीप मंत्र एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती किरण वर्मा, अध्यक्षता श्रीमती पिंकी निषाद रही। सप्तशक्ति, संगम, व्याख्यान एवं सम्मान समारोह की मुख्य वक्ता श्रीमती पिंकी निषाद दीदी जी ने नारी शक्ति के मुख्य सात रूपों श्री (लक्ष्मी), वाक , स्मृति, मेधा, धृति, कीर्ति एवं क्षमा को परिवार का आधार बताया तथा सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध एवं कुटुंब प्रबोधन के महत्व को समझाते हुए इसे राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्र शक्ति का महत्वपूर्ण अंग बताया। साथ-ही-साथ भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार एक नारी दादी, माता, बहन, पत्नी के रूप में परिवार के दायित्वों का निर्वहन करती है। नारी शक्ति शक्तिस्वरुपा हैं। साथ ही प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी का सहयोग रहा।

### भाजपा प्रदेशमंत्री ने किया धरसींवा के गाँव गाँव जाकर एस. आई. आर. का निरीक्षण

**कूंरा।** प्रदेश सहित धरसींवा के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में एस. आई. आर. का सर्वेक्षण का कार्य ग्राम पंचायतों में बी.एल.ओ. द्वारा किया जा रहा है। भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दल भी प्रतिनिधि नियुक्त कर इस सर्वेक्षण का रिपोर्ट ले रहा है , इसी कड़ी में आज भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशमंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा ने धरसींवा विधान सभा के ग्राम पंचायत दोन्दे खुर्द , दोन्दे कला , मटिया , बरबन्दा , नेउरडीह , टोर , सिलयारी के ग्राम पंचायतों में मतदाता पुनरीक्षण के कार्यो का निरीक्षण किया। सिन्हा जी ने बताया कि हमारे धरसींवा जनपद पंचायत के 78 ग्राम पंचायतों में लगभग 70% कार्य पूर्ण कर लिया गया है , पंचायतों के जमीनी स्तर के शासकीय कर्मचारियों के कड़ी मेहनत एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के मेहनत से एस. आई. आर. का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान अशोक सिन्हा के साथ भाजपा रायपुर ग्रामीण के कोषाध्यक्ष एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष अरविंद ठाकुर , जनपद पंचायत धरसींवा के उपाध्यक्ष दिनेश खुटे , भाजपा विधान सभा मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा , भाजयुमो धरसींवा के प्रभारी सूरज टंडन सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच व जनप्रनिधि शामिल हुए।

### विधायक मिश्रा ने सीएम साय को भेंट किया सिंदूर फल

**रायपुर।** शहीदों के सम्मान और हरित पर्यावरण को समर्पित छत्तीसगढ़ का पहला 'सिंदूर पार्क' विधायक पुरंदर मिश्रा के गृहग्राम सरायपाली के दुर्गापाली में प्रेरणादायी स्वरूप में विकसित हो रहा है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पार्क में लगे पौधों एवं विकसित होते वृक्षों का अवलोकन कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने पहल की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत तैयार यह पार्क, भारत–पाक युद्ध के शहीदों की अदम्य वीरता व बलिदान को समर्पित है।

## बेजा हरकत : पालिका अध्यक्ष ने की कठोर कार्रवाई मांग

# मुक्तिधाम के लिए सुरक्षित जमीन में अवैध खनन, सतनामी समाज में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

मंदिर हसौद नगर पालिका परिषद स्थित सतनामी समाज के मुक्ति धाम के सुरक्षित जमीन जो कई दिनों से विवादों में रहा है। जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के द्वारा मुक्तिधाम के सौंदर्य करण के लिए लाखों रुपए राशि घोषणा कर टेंडर जारी किया गया ।

जिसकी टेंडर जारी होने के 3 साल बाद भी काम शुरू नहीं किया गया। जिसके चलते मंदिर हसौद सतनामी समाज के लोगों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार के प्रति आक्रोश थे। अब आरक्षित मुक्तिधाम की जमीन पर मुरूम माफिया द्वारा रात के अंधेरे में मुरूम का अवैध खनन कर समतल जमीन को खाई बना रहे हैं। जिसकी जानकारी नगर वासियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि को दिया जिसके बाद संदीप जोशी छाया पार्षद , अनुज मिश्रा ,पीतांबर सोनवानी , अवधेश मिश्रा ओमप्रकाश यादव उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी , सभी ने मुक्तिधाम पहुंचकर वस्तु स्थिति का निरीक्षण किया। जहां नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव को अवगत कराया जो मुक्तिधाम पहुंचकर मुरूम माफिया के करतूत से रूबरू हुए। वही जनप्रतिनिधियों ने बताया कि देव ट्रेडर्स द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध मुरूम खनन कर रहे हैं । जिसके द्वारा बीते दिनों स्थानीय किसान की जमीन को भी मुरूम खनन कर समतल जमीन को गड्ढा कर दिया गया है। वहीं मंदिर हसौद मे और कुछ लोगों द्वारा क्षेत्र में मुरूम का अवैध खनन में लिप्त है। जहां मुरूम के अवैध खनन के चलते केनाल , गौठान के जमीन तथा जहां लोगों अपने मोक्ष का अंतिम द्वार मुक्तिधाम को ही मानते है। जहां हर किसी को एक समय के बाद जाना होता है । जो की मृत्यु जीवन की सबसे बड़ी सत्य जिसके लिए जमीन सुरक्षित करना और उसके लिए सहयोग करना लोगों अपना सौभाग्य मानते हैं ।


फाइल फोटो

### फुटेज खंगालने का दिया आश्वासन

ऐसे जमीन पर अवैध मुरूम खनन करना मानवता के खिलाफ है। जिसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी इस करतूत पर संलिप्त आरोपी पर संवैधानिक रूप से कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया। वही मुक्तिधाम में अवैध खनन के चलते मंदिर हसौद सतनामी समाज में काफी आक्रोश है। जहां इस प्रकार के कृत्य पर सख्त कार्रवाई करने की मांग किया। नहीं तो सतनामी समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा इसके जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने आस पास के कैमरा का फुटेज चेक कर कार्यवाही करने की अश्वासन दिया।

# मनवा कुर्मी समाज का सांकरा में वार्षिक अधिवेशन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज का 9 वां वार्षिक राजअधिवेशन ग्राम सांकरा (भूमिया) में 30 नवम्बर को स्व नाथूराम कश्यप, स्व अर्जुन लाल वर्मा स्मृति सभा स्थल में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। राज अधिवेशन की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप करेंगे। संयोजक नीलमणी परगनिहा राज प्रधान धरसींवा राज होंगे। विशिष्ट अतिथियों में विजय बघेल सांसद लोकसभा दुर्ग, टंक राम वर्मा मंत्री राजस्व एवं खेलकूद, चंद्रकांति वर्मा उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, लक्ष्मी वर्मा सदस्य राज्य महिला आयोग, छाया वर्मा पूर्व सांसद राज्यसभा, यशवंत सिंह वर्मा केंद्रीय महामंत्री, चंद्रकांत वर्मा केंद्रीय युवा अध्यक्ष, सरिता बघेल केंद्रीय महिला अध्यक्ष, पूर्णिमा एवन पाटिल सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा व दसों राज के राजप्रधान गण होंगे।

### प्रतिभाओं का होगा सम्मान

अतिथियों के हाथों समाज के होनहार प्रतिभावान छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा। धरसींवा राज के परंपरा अनुसार एक उत्कृष्ट शिक्षक,उत्कृष्ट ग्राम प्रमुख एवं उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान मंच से दिया जाएगा। साथ ही समस्त राज कार्यकारिणी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

### निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

धरसींवा राज के महिला अध्यक्ष उषा वर्मा तथा युवा अध्यक्ष नितिन चंद्रवंशी ने बताया कि सुबह 8 बजे से ग्राम के देवी देवताओं के पूजा अर्चना करते हुए स्वजातीय महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उक्त जानकारी धरसींवा राज के मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने दी।

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का स्नेह सम्मेलन आज

**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 30 नवंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सभागृह में शाम साढ़े चार बजे से आयोजित है। महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनिल वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ चिकित्सक परिवार के सदस्यों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी ने बताया कि विगत दिनों स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के कुछ वरिष्ठ सदस्यों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से अलंकृत किया जाएगा।

# बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में गंदगी देख भड़के सभापति

## ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ तत्काल सफाई कराने दिए निर्देश

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने शनिवार को बूढ़ापारा के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में भारी गंदगी और कचरे का ढेर देखकर वे बिफर उठे। उन्होंने सफाई का जिम्मा संभाल रहे ठेकेदार को तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चेतावनी भी दी, यदि काम में सुधार नहीं किया, तो ठेका रद्द कर उसे नगर निगम की ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। सभापति ने मौके पर ही जोन 4 के कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह को बुलाकर स्टेडियम का निरीक्षण कराया और उन्हें तुरंत नगर निगम की टीम भेजकर सफाई अभियान शुरू कराने निर्देश दिए।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम जैसी महत्वपूर्ण जगह पर सफाई और सार्वजनिक सुविधा की स्थिति बदतर है। सीवरेज के ढक्कन खुले और टूटे हुए हैं, जिसे निगम प्रशासन ने अब तक ठीक नहीं कराया, जबकि इस परिसर में आए दिन विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित इस स्टेडियम की सफाई के लिए नगर निगम ने अलग से ठेका दिया है, पर सफाई व्यवस्था की जोन स्तर पर मानिटरिंग नियमित रूप से नहीं की जा रही है। इसकी शिकायत लोगों ने गांधी सदन में भी की है।



### सभी टूटे ढक्कनों को तत्काल बदला जाए

शनिवार को नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने स्टेडियम परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सफाई व्यवस्था की स्थिति लचर है। सीवरेज लाइन के कई चैंबर खुले हुए हैं, ढक्कन टूटा हुआ है। इसे गंभीर सुरक्षा संकट मानकर सभापति ने जोन के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए कि सभी टूटे ढक्कनों

# डीलर की मामूली चूक की वजह से एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले सवा सौ को अब तक नहीं मिला आरसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑटो एक्सपो में ऑटो डीलरों की मामूली चूक की वजह से सवा सौ वाहन मालिकों को गाड़ी खरीदने के बाद भी अब तक परिवहन विभाग से आरसी बुक नहीं मिल पाया है। आरसी हासिल करने वाहन चालक डीलर के साथ परिवहन विभाग के चक्कर काटने मजबूर हैं। बताया जा रहा है, वाहन खरीदते समय डीलर के साथ वाहन खरीदने वालों द्वारा दस्तावेज जमा करने के दौरान मामूली चूक हुई। इसके कारण एनआईसी ने उन वाहन मालिकों का आरसी बुक तैयार ही नहीं किया। एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले सवा सौ से ज्यादा लोगों को अब तक आरसी बुक नहीं मिला है।

■ ऑटो एक्सपो का आयोजन नौ माह पूर्व किया गया था

परिवहन विभाग के अफसरों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया है कि जिन लोगों को आरसी नहीं मिला है, उन गाड़ी खरीदी करने वालों का आरसी तैयार कर देने एनआईसी को पत्र लिखा गया है। एनआईसी ने परिवहन विभाग के अफसरों को जल्द ही त्रुटि सुधार कर आरसी देने की जानकारी दी। परिवहन विभाग के अफसर पिछले छह महीने से ज्यादा समय से एनआईसी को आरसी देने संपर्क कर रहे हैं, बावजूद इसके एनआईसी ने अब तक आरसी बुक बनाकर परिवहन विभाग को नहीं दिया है।

### अन्यथा छूट का लाभ नहीं मिलेगा

गाड़ी खरीदने वाले लोग संबंधित डीलर से संपर्क कर रहे, तो उन लोगों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में नया डाक्यूमेंट वे तैयार कर परिवहन विभाग को भेज देंगे। ऐसा करने पर वाहन मालिकों को एक्सपो में रोड टैक्स सहित अन्य छूट का लाभ दिया गया है, वह उन्हें नहीं मिलेगा। ऐसे में एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले बीच मझधार में फंस गए हैं।



### बगैर आरसी के बीमा क्लेम नहीं कर सकते

जिन लोगों को आरसी बुक नहीं मिला है, एक्सीडेंट या अन्य किसी तरह की स्थिति निर्मित होने पर गाड़ी मालिक बीमा क्लेम नहीं कर सकते। बगैर आरसी के गाड़ी मालिक अपनी गाड़ी दूसरे राज्य नहीं ले जा सकते। इसके साथ ही गाड़ी मालिकों को बगैर आरसी के कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आरसी कब तक मिलेगा तय नहीं

ऑटो एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले जिन लोगों को अब तक आरसी नहीं मिला है, ऐसे लोगों को कब तक आरसी मिलेगा, इस संबंध में परिवहन विभाग के अफसर भी कुछ बता पाने में असमर्थ हैं। अफसरों के अनुसार एनआईसी जब आरसी बुक तैयार कर देगा, तब गाड़ी मालिकों को आरसी उपलब्ध कराया जाएगा।


### एसोसिएशन ने कहा अफसरों को जानकारी दे चुके

फेडरेशन ऑफ ऑटो डीलर एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया से संपर्क करने पर बताया कि उन लोगों ने ऐसे गाड़ी खरीदने वाले जिन्हें अब तक आरसी नहीं मिला है, उन्हें जल्द आरसी मिले इसके लिए उन लोगों ने परिवहन विभाग के अफसरों से मुलाकात की है। साथ ही ज्ञापन भी दे चुके हैं।

# एनओसी के चक्कर में बांडेड डाक्टरों के हाथों से फिसल रही ऑल इंडिया कोटे की एमडी-एमएस की सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बांड ड्यूटी के दौरान उच्च शिक्षा के लिए विभागीय एनओसी की वजह से कई स्थानीय छात्र ऑल इंडिया कोटे से एमडी-एमएस की सीट पाने का मौका गंवा सकते हैं। पूर्व में शपथपत्र के आधार पर एडमिशन देकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करने का मौका दिया जाता था। इस बार काउंसिलिंग कमेटी एडमिशन के दौरान एनओसी जमा करने के नियम पर प्रवेश दे रही है। राज्य में ऑल इंडिया कोटे की मेडिकल पीजी की सीट पर एडमिशन दिया जा रहा है। इसकी अंतिम तारीख 1 दिसंबर है, इसे लेकर अनुबंध सेवा देने वाले बांडेड डाक्टर चिंतित हैं, क्योंकि अवकाश यानी रविवार को स्वास्थ्य विभाग से उन्हें एनओसी मिलना संभव नहीं है। अभा. कोटे से मेडिकल कालेज रायपुर में रेडियोथेरेपी की सीट प्राप्त करने वाले छात्र ने बताया कि 25 लाख के बांडपत्र के आधार पर उच्च शिक्षा के लिए प्राप्त होने वाली एनओसी उसे नहीं मिल पाई है। काउंसिलिंग कमेटी द्वारा शनिवार को पूरे दस्तावेज लेकर आने पर ही एडमिशन देने का नियम बताया गया है। छात्र का कहना है कि सोमवार को अगर उसे सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं होता है, तो वह अपनी सीट गंवा देगा। इसी तरह एक छात्रा को भी एडमिशन के लिए सोमवार को एनओसी मिलने का इंतजार है। छात्रों का तर्क है कि पहले शपथपत्र देकर एडमिशन दिया जाता था और एनओसी जमा करने की तारीख दी जाती थी। इस बार प्रमाणपत्र होने पर ही एडमिशन का नियम उनके लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। शासकीय कालेज से यूजी और पीजी की पढ़ाई करने वालों को दो-दो साल की बांड सेवा देनी होती है।



## नंदनवन में चूहे ....

हो रही। नंदनवन सैर करने गए एक विजिटर ने दिल दहला देने वाली फोटो हरिभूमि के पास शेयर की है, जिसमें चूहे के कुतरे जाने से एक पक्षी का गर्दन धड़ से दिख रहा है। कई अन्य पक्षी भी चूहे के कुतरे जाने से मरे हुए दिख रहे हैं। नंदनवन पक्षी विहार के लिए अलग से बजट नहीं होने की वजह से नंदनवन प्रबंधन विजिटर से प्राप्त आय के लिए दाना की व्यवस्था करते हैं। पक्षी विहार की जमीन मिट्टी की है। इस वजह से बड़े पैमाने पर चूहों ने अपना बिल बना लिया है। दानों की गंध सूंघकर चूहे बिल से बाहर निकल कर पक्षियों के साथ दाना चट करते आसानी से देखे जा सकते हैं। दाना चट करने के दौरान चूहे पक्षियों पर आक्रमण कर देते हैं। इसके कारण पक्षियों की मौत तक हो रही है। नंदनपन पक्षी विहार में पक्षियों के लिए जहां खुले में बाड़े के साथ नेट लगाए गए हैं, वहां घने पेड़ होने के साथ ही जमीन मिट्टी वाली है। इस वजह से चूहों ने मिट्टी खोदकर बिल बना लिए हैं। उसी बिल से निकलकर चूहे पक्षियों के लिए पॉट में रखा दाना खाने के लालच में आते हैं। पूर्व में पक्षी विहार प्रबंधन ने चूहों की वजह से पक्षियों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने का दावा किया था, लेकिन धरातल में सच्चाई कुछ अलग ही दिख रही है। **इस वजह से भी आते हैं चूहे:** अफसरों के अनुसार पक्षियों के लिए हर सप्ताह मक्का तथा बाजरा लाया जाता है। पक्षियों के लिए लाए गए दाना को स्टोर नहीं किया जाता। खुले में सुरक्षित स्थान पर पक्षियों के लिए पॉट में दाना रख दिया जाता है। इसकी वजह पक्षी पूरे दिन दाना चुगते रहते हैं। खुले में दाना होने की वजह से भी चूहे दाना खाने के लिए आते हैं।

पेज 11 के शेष...

## 30 दिन के अंदर ....

कमियां छुपाने का कोई मौका नहीं बचेगा। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा-संरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यह व्यवस्था उसी क्रम का हिस्सा है ताकि रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था विश्वस्तरीय हो जाए।

## जांच का उद्देश्य छोटी-.....

*बढ़कर यह देखा जाएगा कि कागजी नियमों का धरातल पर पालन हो रहा है या नहीं। हर जांच टीम में पांच विभागों – सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं टेलीकाम तथा ट्रैफिक – के एसएजी (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड) स्तर के अधिकारी और टीम लीडर के रूप में जोन का चीफ सेफ्टी आफिसर शामिल होगा। जूनियर अधिकारियों को इसमें कोई स्थान नहीं दिया गया है।*

## 2026 इंटर-रेलवे ...

उत्तर पश्चिम रेलवे पश्चिम रेलवे : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर

- दक्षिण रेलवे दक्षिण पश्चिम रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर

- दक्षिण मध्य रेलवे पूर्वोत्तर रेलवे : जनवरी-फरवरी और जुलाई-अगस्त

- दक्षिण पश्चिम रेलवे कोंकण रेलवे : जनवरी-फरवरी और जुलाई-अगस्त

- पश्चिम रेलवे मध्य रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर

- पश्चिम मध्य रेलवे उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर

- मेट्रो रेलवे, कोलकाता पूर्व तट रेलवे : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर

- कोंकण रेलवे दक्षिण मध्य रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर

## अब नया रायपुर ....

नहीं लिया है। इसी वजह से भीड़ इन दिनों थोड़ी सामान्य बनी हुई है, लेकिन अनुमान है कि 3 दिसंबर को बड़ी संख्या में लोग टिकट लेने और मैच देखने एक साथ पहुंचेंगे। दर्शकों की परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने 3 दिसंबर के लिए नया रायपुर स्थित एनआरडीए से अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने की मांग की है। अगर इसकी मंजूरी मिल जाती है, तो दूसरे जिलों और राज्यों से आने वाले दर्शकों को सीधा स्टेडियम क्षेत्र में ही टिकट मिल सकेगा, जिससे समय और यात्रा दोनों की बचत होगी।

**रविवार को फिजिकल टिकट काउंटर में उमड़ सकती है भीड़:** दोनों चरणों में 48 हजार से ज्यादा टिकट मात्र 15-15 मिनट में ऑनलाइन बिक गए, लेकिन इतनी भीड़ अब तक फिजिकल टिकट काउंटर में नजर नहीं आई। हालांकि कल रविवार होने और छुट्टी का दिन होने के कारण इंडोर स्टेडियम में टिकट लेने वालों की भीड़ बढ़ सकती है। फिजिकल टिकट की अनिवार्यता से लोग थोड़े परेशान जरूर हैं, लेकिन विराट और रोहित को लाइव देखने का उत्साह उन्हें रायपुर खींच रहा है। अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### विधायक मिश्रा ने सीएम साय को भेंट किया सिंदूर फल

रायपुर। शहीदों के सम्मान और हरित पर्यावरण को समर्पित छत्तीसगढ़ का पहला 'सिंदूर पार्क' विधायक पुरंदर मिश्रा के गृहग्राम सरायपाली के दुर्गापाली में प्रेरणादायी स्वरूप में विकसित हो रहा है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पार्क में लगे पौधों एवं विकसित होते वृक्षों का अवलोकन कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने पहल की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत तैयार यह पार्क, भारत–पाक युद्ध के शहीदों की अदम्य वीरता व बलिदान को समर्पित है। दुर्गापाली में बनाए गए इस विशेष पार्क में 501 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है, जिनमें से कई अब वृक्ष का रूप ले रहे हैं। यह स्थल स्थानीय नागरिकों के लिए श्रद्धांजलि, प्रेरणा और हरियाली का केंद्र बन रहा है। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि यह पार्क शहीदों की गाथा और देशभक्ति की जीवंत विरासत है, जो आने वाली पीढ़ियों को साहस और त्याग का संदेश देगा। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम के शहीद दिनेश मिरानी की पत्नी नेहा अग्रवाल और सुपुत्र शौर्य का सम्मान किया गया था, जिससे पूरा आयोजन स्थल भावुक हो उठा। रायपुर स्थित स्टेट हैंगर में विधायक श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को वही सिंदूर फल भेंट किया, जिसका पौधा पुलवामा के शहीदों की स्मृति में दुर्गापाली में रोपा गया था। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री अरुण साव और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी उपस्थित रहे।

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का स्नेह सम्मेलन आज

रायपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 30 नवंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सभागृह में शाम साढ़े चार बजे से आयोजित है। महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अनिल वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ चिकित्सक परिवार के सदस्यों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी ने बताया कि विगत दिनों स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के कुछ वरिष्ठ सदस्यों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से अलंकृत किया जाएगा।


### कांग्रेसियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष मेनन का किया स्वागत



रायपुर। कांग्रेस के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन का स्वागत जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ता उमड़ पड़े। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रेस कांफ्रेंस में श्री मेनन ने इस दौरान तेजतर्रार अंदाज में भाजपा के खिलाफ जमकर निशाना साधा। साथ ही लचर कानून व्यवस्था को आड़े हाथों लेते हुए वर्तमान में प्रदेश में सरकार की विफलता को उजागर किया । प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रमोद दुबे, सत्तू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी, अमितेश भारद्वाज सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निधन

### सुनील परसवानी



रायपुर। डूमरतराई निवासी सुनील परसवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंबर को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गुरु अनंतपुरी गोस्वामी के शिष्य, अशोक परसवानी के पुत्र और राजवीर, विराट परसवानी के पिता थे।

### भागीरथी देवी बागड़ी



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी भागीरथी देवी बागड़ी (97) का 29 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 नवंबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शरद, सुरेश बागड़ी की चाची और सुमन, किरण की माता थीं।

# डीलर की मामूली चूक की वजह से एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले सवा सौ को अब तक नहीं मिला आरसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

ऑटो एक्सपो में ऑटो डीलरों की मामूली चूक की वजह से सवा सौ वाहन मालिकों को गाड़ी खरीदने के बाद भी अब तक परिवहन विभाग से आरसी बुक नहीं मिल पाया है। आरसी हासिल करने वाहन चालक डीलर के साथ परिवहन विभाग के चक्कर काटने मजबूर हैं। बताया जा रहा है, वाहन खरीदते समय डीलर के साथ वाहन खरीदने वालों द्वारा दस्तावेज जमा करने के दौरान मामूली चूक हुई। इसके कारण एनआईसी ने उन वाहन मालिकों का आरसी बुक तैयार ही नहीं किया। एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले सवा सौ से ज्यादा लोगों को अब तक आरसी बुक नहीं मिला है।

परिवहन विभाग के अफसरों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया है कि जिन लोगों को आरसी नहीं मिला है, उन गाड़ी खरीदी करने वालों का आरसी तैयार कर देने एनआईसी को पत्र लिखा गया है। एनआईसी ने परिवहन विभाग के अफसरों को जल्द ही त्रुटि सुधार कर आरसी देने की जानकारी दी। परिवहन विभाग के अफसर पिछले छह महीने से ज्यादा समय से एनआईसी को आरसी देने संपर्क कर रहे हैं, बावजूद इसके एनआईसी ने अब तक आरसी बुक बनाकर परिवहन विभाग को नहीं दिया है।

## ऑटो एक्सपो का आयोजन नौ माह पूर्व किया गया था

### अन्यथा छूट का लाभ नहीं मिलेगा

गाड़ी खरीदने वाले लोग संबंधित डीलर से संपर्क कर रहे, तो उन लोगों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में नया डाक्यूमेंट वे तैयार कर परिवहन विभाग को भेज देंगे। ऐसा करने पर वाहन मालिकों को एक्सपो में रोड टैक्स सहित अन्य छूट का लाभ दिया गया है, वह उन्हें नहीं मिलेगा। ऐसे में एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले बीच मझधार में फंस गए हैं।



### आरसी कब तक मिलेगा तय नहीं

ऑटो एक्सपो में गाड़ी खरीदने वाले जिन लोगों को अब तक आरसी नहीं मिला है, ऐसे लोगों को कब तक आरसी मिलेगा, इस संबंध में परिवहन विभाग के अफसर भी कुछ बता पाने में असमर्थ हैं। अफसरों के अनुसार एनआईसी जब आरसी बुक तैयार कर देगा, तब गाड़ी मालिकों को आरसी उपलब्ध कराया जाएगा।

### बगैर आरसी के बीमा क्लेम नहीं कर सकते

जिन लोगों को आरसी बुक नहीं मिला है, एक्सीडेंट या अन्य किसी तरह की स्थिति निर्मित होने पर गाड़ी मालिक बीमा क्लेम नहीं कर सकते। बगैर आरसी के गाड़ी मालिक अपनी गाड़ी दूसरे राज्य नहीं ले जा सकते। इसके साथ ही गाड़ी मालिकों को बगैर आरसी के कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### एसोसिएशन ने कहा-अफसरों को जानकारी दे चुके

फेडरेशन ऑफ ऑटो डीलर एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया से संपर्क करने पर बताया कि उन लोगों ने ऐसे गाड़ी खरीदने वाले जिन्हें अब तक आरसी नहीं मिला है, उन्हें जल्द आरसी मिले इसके लिए उन लोगों ने परिवहन विभाग के अफसरों से मुलाकात की है। साथ ही ज्ञापन भी दे चुके हैं।

## कम स्पेस में गाड़ियां रहेंगी सुरक्षित, मेट्रो सिटी की तर्ज पर प्रयोग

# नगर निगम मुख्यालय और पंडरी कपड़ा मार्केट में हाईड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पार्किंग की समस्या से जूझ रहे राजधानी वासियों को नगर निगम मेट्रो सिटी की तर्ज पर कम स्पेस में आधुनिक और स्वचालित हाईड्रोलिक मेकैनाइज्ड पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए योजना शाखा ने शहर के 10 स्थानों पर स्वचालित पार्किंग विकसित करने की योजना बनाई है। प्रथम चरण में नगर निगम मुख्यालय परिसर में 12 चारपहिया वाहनों के लिए हाईटेक पार्किंग तथा दूसरा मेकैनाइज्ड पार्किंग पंडरी के महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पास बन रही है, कपड़ा मार्केट में 16 कारों के पार्किंग की क्षमता रहेगी। योजना शाखा ने रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए ठेका दिया है।

प्रोजेक्ट के प्रभारी अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि प्रयोग बतौर शहर में इसे लगाया जा रहा है, यदि यह प्रयोग सफल रहा तो शहर के अन्य भीड़ वाले चिन्हांकित इलाकों में इससे अधिक क्षमता वाली हाईड्रोलिक मेकैनाइज्ड पार्किंग सुविधा पर काम किया जाएगा। शहर में चारपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या और सड़कों पर पार्किंग के बढ़ते दबाव को देखते हुए यह तकनीक रायपुर शहर में एक नई पहल होगी। निगम के अफसरों का कहना है कि आने वाले 8 दिनों में निगम मुख्यालय परिसर की हाईड्रोलिक मेकैनाइज्ड पार्किंग पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद इसका उपयोग शुरू होगा।

### जल्द मिलेगी सुविधा



### अब कम जगह में आधुनिक सुविधायुक्त पार्किंग

प्रदेश की राजधानी में दिल्ली, मुंबई और बड़े महानगरों की तर्ज पर अब कम जगह में आधुनिक सुविधा युक्त पार्किंग की व्यवस्था पर काम किया जा रहा है। अपने तरह की अनूठी और पहली हाईड्रोलिक मेकैनिकल पार्किंग में बहुत कम समय में एक से ज्यादा कारों की सुरक्षित रूप से पार्किंग की जा सकेगी। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम मुख्यालय परिसर में जो आधुनिक पार्किंग बनकर तैयार होने जा रही है, उसमें पहले तीन कारों के लिए जगह दी गई, पर बाद में 12 कारों के लिए पार्किंग की सुविधा बनाई गई, यानी पहले से चार गुना ज्यादा चार पहिया वाहनों की पार्किंग की जा सकेगी।

# बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में गंदगी देख भड़के सभापति

## ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ तत्काल सफाई कराने दिए निर्देश

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने शनिवार को बूढ़ापारा के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में भारी गंदगी और कचरे का ढेर देखकर वे बिफर उठे। उन्होंने सफाई का जिम्मा संभाल रहे ठेकेदार को तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चेतावनी भी दी, यदि काम में सुधार नहीं किया, तो ठेका रद्द कर उसे नगर निगम की ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। सभापति ने मौके पर ही जोन 4 के कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह को बुलाकर स्टेडियम का निरीक्षण कराया और उन्हें तुरंत नगर निगम की टीम भेजकर सफाई अभियान शुरू कराने निर्देश दिए।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम जैसी महत्वपूर्ण जगह पर सफाई और सार्वजनिक सुविधा की स्थिति बदतर है। सीवरेज के ढक्कन खुले और टूटे हुए हैं, जिसे निगम प्रशासन ने अब तक ठीक नहीं कराया, जबकि इस परिसर में आए दिन विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जोन 4 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित इस स्टेडियम की सफाई के लिए नगर निगम ने अलग से ठेका दिया है, पर सफाई व्यवस्था की जोन स्तर पर मानिटरिंग नियमित रूप से नहीं की जा रही है। इसकी शिकायत लोगों ने गांधी सदन में भी की है।



### सभी टूटे ढक्कनों को तत्काल बदला जाए

शनिवार को नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने स्टेडियम परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सफाई व्यवस्था की स्थिति लचर है। सीवरेज लाइन के कई चैंबर खुले हुए हैं, ढक्कन टूटा हुआ है। इसे गंभीर सुरक्षा संकट मानकर सभापति ने जोन के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए कि सभी टूटे ढक्कनों को तत्काल बदला जाए, जिससे कि दुघर्टना की आशंका न रहे।

## बिजनेस साइट

### वेडिंग सीजन पर वस्त्रम विकास में पारिवारिक वस्त्रों का विशाल संग्रह

रायपुर। शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में शादी सीजन को देखते हुए मेन्स वियर व लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 30 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन की डिमांड को पूरा करता आया है। इसी कड़ी में कई प्रकार के वस्त्रों की बेहतरीन डिजाइन एवं वैरायटीज लेकर आए हैं। शादी सीजन के विशेष ऑफर के तहत पुरुषों के लिए 599 रुपए में कुर्ता पैजामा और 1599 में 3 पीस कुर्ता पैजामा स्टाइलिश जैकेट के साथ मिलेंगे। इसके अलावा ब्रांडेड फैंसी साड़ी, कुर्ती, किड्स वेयर, मेन्स वेयर, सूटिंग-शर्टिंग पर आकर्षक छूट दिया जा रहा है। यह ऑफर वस्त्रम विकास के छह ब्रांच टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा में प्रत्येक कस्टमर्स को प्रदान किए जाएंगे।


Vikas Men's Fashion Club

### विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स में मारुति सुजुकी के वरिष्ठ अधिकारी का आगमन



रायपुर। मोवा स्थित नेक्सा विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव (मार्केटिंग एवं सेल्स) पार्थो बनर्जी का आगमन डीलरशिप के लिए सम्मान का अवसर बना। उनका स्वागत प्रबंध निदेशक यशवंत अग्रवाल सहित अभिषेक, आयुष, दिशा अग्रवाल व वरिष्ठ टीम सदस्यों ने किया। इस अवसर पर डीलरशिप ने अक्टूबर 2025 में 500 वाहनों की रिकॉर्ड डिलीवरी के ऐतिहासिक माइलस्टोन का जश्न मनाया। कार्यक्रम में केक काटने के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम सदस्यों को सम्मानित किया गया। श्री बनर्जी ने वाहन डिलीवरी समारोह में भी हिस्सा लिया और ग्राहक को नई फ्रॉन्क्स की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की ग्राहक-केन्द्रित कार्यशैली की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर उपलब्धियां हासिल करने की शुभेच्छा व्यक्त की।

### कलिंगा विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम



रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर में संविधान दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कानून संकाय, शिक्षा संकाय, एनएसएस तथा विधिक सहायता प्रकोष्ठ के संयुक्त आयोजन में भारतीय संविधान के 76वें वर्ष को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. आर. श्रीधर के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसके बाद प्रस्तावना शपथ ग्रहण के दौरान संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर भारत के चीफ जस्टिस की वॉल ऑफ फेम का उद्घाटन किया गया, जो देश की न्यायिक विरासत एवं संवैधानिक नैतिकता का प्रतीक बनेगी। मुख्य वक्ता डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कानून की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अनुच्छेद 14 और 15 के संरक्षण के माध्यम से संविधान सम्मान और समानता की गारंटी देता है।

### सुयश हॉस्पिटल की 16वीं वर्षगांठ पर नई स्वास्थ्य सुविधाओं की घोषणा



रायपुर। सुयश अस्पताल ने अपनी 16वीं वर्षगांठ पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उल्लेखनीय यात्रा को याद करते हुए कई नई सुविधाओं की घोषणा की है। अस्पताल ने अब तक 2,13,483 भर्ती मरीजों का सफल उपचार, 9,83,103 ओपीडी मरीजों की देखभाल और 74,849 सर्जरी पूर्ण की हैं, जो क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस अवसर पर अस्पताल ने दो आयु आधारित वेलनेस पैकेज - वेलनेस गोल (20-40 वर्ष) और वेलनेस जर्नी (41-60 वर्ष) लॉन्च किए हैं। इन पैकेजों में आवश्यक रक्त जांच के साथ चिकित्सक एवं सर्जन परामर्श बेहद किफायती शुल्क पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे लोगों को प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच और जीवनशैली सुधार के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अस्पताल शीघ्र ही अत्याधुनिक तकनीक से लैस ब्लड बैंक का उद्घाटन भी करने जा रहा है, जो आपातकालीन सेवाओं को नई मजबूती देगा। इसके अतिरिक्त सुयश अस्पताल ने एकीकृत कैंसर यूनिट शुरू की है, जहां निदान से लेकर संपूर्ण उपचार तक की सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की फाफाडीह शाखा में अंचल का पहला एनआरआई डेस्क शुरू



रायपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल की फाफाडीह शाखा में अंचल का पहला समर्पित एनआरआई डेस्क शुरू किया गया। इसका उद्घाटन केंद्रीय कार्यालय मुंबई से आए महाप्रबंधक (डीपीटीबी) पी. अनूप कुमार ने किया। उनके साथ आंचलिक प्रमुख बी. आर. रामकृष्णा नायक, क्षेत्रीय प्रमुख राजकिशोर केरकेट्टा तथा शाखा प्रबंधक आलोक कुमार उपस्थित रहे। बैंक द्वारा स्थापित यह विशेष डेस्क एनआरआई ग्राहकों को तेज, सुविधाजनक और विशेषज्ञ बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके माध्यम से एनआरई/एनआरओ खाते, रेमिटेंस सेवाएं, निवेश पर मार्गदर्शन, नियामकीय सलाह तथा तकनीक आधारित समाधान आसानी से उपलब्ध होंगे।

# एनओसी के चक्कर में बांडेड डाक्टरों के हाथों से फिसल रही ऑल इंडिया कोटे की एमडी-एमएस की सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ शपथपत्र पर नहीं मान रही काउंसिलिंग कमेटी, सोमवार को प्रवेश की अंतिम तिथि

बांड ड्यूटी के दौरान उच्च शिक्षा के लिए विभागीय एनओसी की वजह से कई स्थानीय छात्र ऑल इंडिया कोटे से एमडी-एमएस की सीट पाने का मौका गंवा सकते हैं। पूर्व में शपथपत्र के आधार पर एडमिशन देकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करने का मौका दिया जाता था। इस बार काउंसिलिंग कमेटी एडमिशन के दौरान एनओसी जमा करने के नियम पर प्रवेश दे रही है।

राज्य में ऑल इंडिया कोटे की मेडिकल पीजी की सीट पर एडमिशन दिया जा रहा है। इसकी अंतिम तारीख 1 दिसंबर है, इसे लेकर अनुबंध सेवा देने वाले बांडेड डाक्टर चिंतित हैं, क्योंकि अवकाश यानी रविवार को स्वास्थ्य विभाग से उन्हें एनओसी मिलना संभव नहीं है। अभा. कोटे से मेडिकल कालेज रायपुर में रेडियोथेरेपी की सीट प्राप्त करने वाले छात्र ने बताया कि 25 लाख के बांडपत्र के आधार पर उच्च शिक्षा के लिए प्राप्त होने वाली एनओसी उसे नहीं मिल पाई है। काउंसिलिंग कमेटी द्वारा शनिवार को पूरे दस्तावेज लेकर आने पर ही एडमिशन देने का नियम बताया गया है। छात्र का कहना है कि सोमवार को अगर उसे सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं होता है, तो वह अपनी सीट गंवा देगा। इसी तरह एक छात्रा को भी एडमिशन के लिए सोमवार को एनओसी मिलने का इंतजार है।



छात्रों का तर्क है कि पहले शपथपत्र देकर एडमिशन दिया जाता था और एनओसी जमा करने की तारीख दी जाती थी। इस बार प्रमाणपत्र होने पर ही एडमिशन का नियम उनके लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। शासकीय कालेज से यूजी और पीजी की पढ़ाई करने वालों को दो-दो साल की बांड सेवा देनी होती है। यूजी के बाद अनुबंध सेवा के दौरान अगर उनका चयन उच्च शिक्षा के लिए होता है, तो उन्हें विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होता है। इसके अनुसार पढ़ाई पूरी होने के बाद संबंधित छात्र यूजी की शेष और पीजी के बाद की दो साल की बांड ड्यूटी पूरी करेगा।

### एक मामला ऐसा भी

2019 बैच के एमबीबीएस डाक्टर को इस बार पहले प्रयास में ही ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश का मौका मिला है। अनुबंध सेवा की शुरुआत नहीं होने की वजह से उसे एनओसी मिलने का सवाल ही नहीं और इसकी वजह से उसका सीजीएमसी में पंजीयन भी अटका हुआ है। संबंधित छात्र द्वारा चिकित्सकों के संगठन सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह से मदद की गुहार लगाई गई है। सीजीडीएफ के पदाधिकारी का कहना है कि गलत नियम और रोकटोक की वजह से स्थानीय छात्र उच्च शिक्षा से चूक रहे हैं। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी।

### राज्य कोटे पर नहीं बन पाया संशोधित नियम

हाईकोर्ट के फैसले के बाद अटकी राज्य कोटे की पीजी सीटों पर काउंसिलिंग अब तक शुरू नहीं हो पाई है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग संशोधित नियम जारी नहीं कर पाया है। अखिल भारतीय नियतांश की सीटों पर पहले दौर का एडमिशन दो दिन में पूरा होगा। दूसरी ओर राज्य कोटे की सीटों के लिए स्थगित आवेदन की प्रक्रिया भी अब तक शुरू नहीं पाई है। न्यायालय ने स्टेट कोटे की सीट पर डोमिसाइल आरक्षण के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग इस विकल्प तलाशने के प्रयास में जुटा हुआ है।

## पेज 11 के शेष ...

### नंदनवन में चूहे ...

हो रही। नंदनवन सैर करने गए एक विजिटर ने दिल दहला देने वाली फोटो हरिभूमि के पास शेयर की है, जिसमें चूहे के कुतरे जाने से एक पक्षी का गर्दन धड़ से दिख रहा है। कई अन्य पक्षी भी चूहे के कुतरे जाने से मरे हुए दिख रहे हैं। नंदनवन पक्षी विहार के लिए अलग से बजट नहीं होने की वजह से नंदनवन प्रबंधन विजिटर से प्राप्त आय के लिए दाना की व्यवस्था करते हैं। पक्षी विहार की जमीन मिट्टी की है। इस वजह से बड़े पैमाने पर चूहों ने अपना बिल बना लिया है। दानों की गंध सूंघकर चूहे बिल से बाहर निकल कर पक्षियों के साथ दाना चट करते आसानी से देखे जा सकते हैं। दाना चट करने के दौरान चूहे पक्षियों पर आक्रमण कर देते हैं। इसके कारण पक्षियों की मौत तक हो रही है। नंदनपन पक्षी विहार में पक्षियों के लिए जहां खुले में बाड़े के साथ नेट लगाए गए हैं, वहां घने पेड़ होने के साथ ही जमीन मिट्टी वाली है। इस वजह से चूहों ने मिट्टी खोदकर बिल बना लिए हैं। उसी बिल से निकलकर चूहे पक्षियों के लिए पॉट में रखा दाना खाने के लालच में आते हैं। पूर्व में पक्षी विहार प्रबंधन ने चूहों की वजह से पक्षियों को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने का दावा किया था, लेकिन धरातल में सच्चाई कुछ अलग ही दिख रही है। **इस वजह से भी आते हैं चूहे** : अफसरों के अनुसार पक्षियों के लिए हर सप्ताह मक्का तथा बाजरा लाया जाता है। पक्षियों के लिए लाए गए दाना को स्टोर नहीं किया जाता। खुले में सुरक्षित स्थान पर पक्षियों के लिए पॉट में दाना रख दिया जाता है। इसकी वजह पक्षी पूरे दिन दाना चुगते रहते हैं। खुले में दाना होने की वजह से भी चूहे दाना खाने के लिए आते हैं।

### 30 दिन के अंदर ...

कमियां छुपाने का कोई मौका नहीं बचेगा। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा-संरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यह व्यवस्था उसी क्रम का हिस्सा है ताकि रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था विश्वस्तरीय हो जाए।

### जांच का उद्देश्य छोटी...

बढ़कर यह देखा जाएगा कि कागजी नियमों का धरातल पर पालन हो रहा है या नहीं। हर जांच टीम में पांच विभागों – सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं टेलीकाम तथा ट्रैफिक – के एसएजी (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड) स्तर के अधिकारी और टीम लीडर के रूप में जोन का चीफ सेफ्टी आफिसर शामिल होगा। जूनियर अधिकारियों को इसमें कोई स्थान नहीं दिया गया है।

### 2026 इंटर-रेलवे ...

उत्तर पश्चिम रेलवे पश्चिम रेलवे : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर 0 दक्षिण रेलवे दक्षिण पश्चिम रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर 0 दक्षिण मध्य रेलवे पूर्वोत्तर रेलवे : जनवरी-फरवरी और जुलाई-अगस्त 0 दक्षिण पश्चिम रेलवे कोंकण रेलवे : जनवरी-फरवरी और जुलाई-अगस्त 0 पश्चिम रेलवे मध्य रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर 0 पश्चिम मध्य रेलवे उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर 0 मेट्रो रेलवे, कोलकाता पूर्व तट रेलवे : मार्च-अप्रैल और सितंबर-अक्टूबर 0 कोंकण रेलवे दक्षिण मध्य रेलवे : मई-जून और नवंबर-दिसंबर।

### अब नया रायपुर ...

नहीं लिया है। इसी वजह से भीड़ इन दिनों थोड़ी सामान्य बनी हुई है, लेकिन अनुमान है कि 3 दिसंबर को बड़ी संख्या में लोग टिकट लेने और मैच देखने एक साथ पहुंचेंगे। दर्शकों की परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने 3 दिसंबर के लिए नया रायपुर स्थित एनआरडीए से अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने की मांग की है। अगर इसकी मंजूरी मिल जाती है, तो दूसरे जिलों और राज्यों से आने वाले दर्शकों को सीधा स्टेडियम क्षेत्र में ही टिकट मिल सकेगा, जिससे समय और यात्रा दोनों की बचत होगी। रविवार को फिजिकल टिकट काउंटर में उमड़ ***सकती है भीड़*** : दोनों चरणों में 48 हजार से ज्यादा टिकट मात्र 15-15 मिनट में ऑनलाइन बिक गए, लेकिन इतनी भीड़ अब तक फिजिकल टिकट काउंटर में नजर नहीं आई। हालांकि कल रविवार होने और छुट्टी का दिन होने के कारण इंडोर स्टेडियम में टिकट लेने वालों की भीड़ बढ़ सकती है। फिजिकल टिकट की अनिवार्यता से लोग थोड़े परेशान जरूर हैं, लेकिन विराट और रोहित को लाइव देखने का उत्साह उन्हें रायपुर खींच रहा है। अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है।

**खबर संक्षेप**

### स्वास्थ्य सेवा में नवाचार बढ़ाने एम्स ने किया एक और एमओयू

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एवं द जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ (जीआईजीएच) इंडिया ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और नैदानिक विज्ञान के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। एमओयू के दौरान एम्स के निदेशक अशोक जिंदल तथा जीआईजीएच के डायरेक्टर विवेकानंद झा मौजूद रहे। एम्स के नेफ्रोलॉजिस्ट डा. विनय राठौर ने बताया कि एमओयू सुपेबेड़ा और आसपास के सीकेडीयू प्रभावित क्षेत्रों में किडनी स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान को व्यापक रूप से आगे बढ़ाएगा। प्रो. विवेकानंद झा ने उच्च गुणवत्ता वाले साक्ष्य उत्पन्न करने की आवश्यकता पर बल दिया। अशोक जिंदल ने कहा कि यह सहयोग अनुसंधान को रोगी देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति के लिए प्रभावी रणनीतियों में परिवर्तित करने में सहायक होगा।

### 'एक फलदार पेड़ मोर दाई के नांव' अभियान

**रायपुर।** नवा रायपुर के श्री दावड़ा विवि में शुक्रवार को हरियाली दीदी की नवाचार एक फलदार पेड़ मोर दाई के नाव अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दूलाल साहू एक फलदार पौधा अपने मां के याद में लगाने का महत्व एवं इसका सामाजिक लाभ तथा पर्यावरण सुधार के ऊपर व्यापक चर्चा की और पौधा रोपित किया। हरियर बहिनि की संस्थापक सदस्य पुष्पा साहू ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आह्वान एक पेड़ माँ के नाम योजना को आम लोगों के भावना से जोड़ने की उदेश्य से मोर पेड़ मोर दाई जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने श्रीमती साहू ने फलो की जैविक खेती की वैज्ञानिक तकनीकी एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

# योजना को हो गए दो साल पर डेंटल कालेज में नहीं बनी ई-लाइब्रेरी, खर्च होने थे दस करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हाईटेक अध्ययन की सुविधा देने के लिए बनाई गई ई-लाइब्रेरी की योजना अभी भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। एंबुलेंस कंपनी से भवन वापस मिलने बाद इसके लिए दस करोड़ की योजना बनाई गई थी। सीजीएमएससी के पास आवश्यक खरीदी और निर्माण की जिम्मेदारी है, मगर उसकी ओर से इसकी शुरुआत ही नहीं की गई है।

शासकीय डेंटल कालेज प्रबंधन इस बात को लेकर काफी उत्साहित था कि कालेज में बनने वाली ई-लाइब्रेरी अति आधुनिक तरीके की होगी। यहां देश-विदेश से जुड़ी किताबें ऑनलाइन तरीके से संग्रहित होंगी, जिसका लाभ यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा। लाइब्रेरी के निर्माण और वहां जुटाई जाने वाली सुविधा के मद्देनजर कालेज प्रबंधन द्वारा गठित टीम द्वारा एम्स, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में मौजूद लाइब्रेरी का जाकर निरीक्षण किया गया था। इसके बाद निर्माण संबंधी प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। दरअसल जिस भवन को कालेज प्रबंधन लाइब्रेरी का रूप देना चाहता है वह कुछ साल पहले स्वास्थ्य विभाग से वापस मिला है। राज्य निर्माण के कुछ समय बाद ही यहां शुरू की गई निशुल्क एंबुलेंस सेवा के लिए डेंटल कालेज परिसर में स्थित एक भवन को स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिग्रहित किया गया था। करीब दस साल तक उस भवन से एंबुलेंस सेवा का कंट्रोल रूम संचालित हुआ था। अनुबंध समाप्त होने के बाद यह बिल्डिंग पूरी प्रक्रिया के साथ डेंटल कालेज भवन को हैंडओवर की गई थी। यहां लाइब्रेरी बनाने का काम सीजीएमएससी को दिया गया।

**एंबुलेंस कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद बनाई गई थी योजना**

#### सुविधाओं का विस्तार भी अटका

सरकारी स्तर के एकमात्र शासकीय कालेज की सुविधाओं का विस्तार भी प्रक्रियाओं में ही अटका है। यहां के अस्पताल में रोजाना ढाई से तीन सौ मरीजों की दांतों का इलाज होता है। जरूरत के हिसाब से यहां संसाधन कम है जिसे देखते हुए खरीदी का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। खरीदी की जिम्मेदारी भी दवा निगम के पास थी जो पूरी ही नहीं हुई। दांतों का अस्पताल अभी अपने पुराने संसाधनों के भरोसे चल रहा है।



#### इलाज का खर्च कम मगर भार मरीजों पर

शासकीय डेंटल कालेज में जांच और उपचार की सुविधा कम खर्च पर मिल जाती है मगर इसका भार आने वाले मरीजों की जेब पर होता है। दांतों से संबंधित कई बीमारियों के इलाज की सुविधा आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में नहीं है। काफी समय पहले राज्य स्तर पर इसका प्रयास शुरू किया गया था मगर विभाग को सफलता नहीं मिल पाई। निजी अस्पतालों में दांतों के इलाज का खर्चा काफी अधिक है।

## अगले साल नई फसल आने के बाद ही कम होंगे दाम

# सरसों तेल के दाम चिल्हर में एक बार फिर 200 रुपए लीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरसों तेल के दाम एक बार फिर आसमान पर जा रहे हैं। इस समय राजधानी रायपुर में इसके दाम चिल्हर में 200 रुपए तक चले गए हैं, जबकि थोक में इसके दाम 182 से 185 रुपए लीटर हैं। यह दाम लाल गुलाब जैसे बड़े ब्रांड के हैं। आमतौर पर इसी ब्रांड को ज्यादा पसंद किया जाता है। दूसरे ब्रांड के तेल की कीमत 10 से 20 रुपए कम है। चार साल पहले मार्च 2021 में पहली बार इसके दाम दो सौ रुपए के पार हुए थे। इसके बाद कभी भी इसके दाम इतने नहीं हुए, लेकिन अब एक बार फिर चार साल पहले जैसी स्थिति हो गई है।

सरसों तेल का उपयोग खाना पकाने के साथ अचार बनाने के लिए किया जाता है। वैसे मालिश के लिए भी इसका उपयोग होता है। सरसों तेल की खपत अपने देश में भी बहुत होती है। खाद्य तेलों में इसका प्रतिशत करीब 20 है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी सरसों तेल की बहुत खपत होती है।



#### नई फसल के बाद कम होंगे दाम

सरसों की फसल मार्च में आती है, आमतौर पर इसके बाद ही सरसों तेल के दाम कम होते हैं। इस समय लाल गुलाब ब्रांड के थोक में दाम 182 रुपए तक हैं। शुद्धता के कारण अब दाम थोड़े ज्यादा रहते हैं।

- प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

#### चिल्हर में दाम 200

लाल गुलाब सरसों तेल इस समय रायपुर की थोक मंडी में 182 से 185 रुपए लीटर है। जहां डूमरतराई में दाम 182 रुपए हैं, वहीं शहर की थोक दुकानों में इसके दाम 185 रुपए है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो इसके दाम अलग-अलग दुकानों और क्षेत्रों में अलग-अलग हैं। चिल्हर में इसके दाम कहीं भी 195 रुपए से कम नहीं हैं। वैसे 195 रुपए में ही उन्हीं दुकानों में यह मिल रहा जिन दुकानों में ग्राहक नियमित खरीदारी करते हैं। वैसे ज्यादातर दुकानों में इसके दाम 200 रुपए ही हैं।

#### शुद्धता के कारण बढ़े दाम

सरसों तेल के दाम पहले बहुत कम रहते थे, इसके पीछे का कारण यह है कि इसमें पहले पाम आयल को मिलाया जाता था। लेकिन केंद्र सरकार ने जबसे इसको शुद्ध बेचने की शर्त रखी है, तबसे इसके दाम बहुत ज्यादा हो गए हैं। सबसे पहले 2021 में इसके दाम ने रिकॉर्ड कायम किया था, तब इसके दाम मार्च 2021 में पहली बार दो सौ रुपए के पार होकर थोक में ही 220 रुपए और चिल्हर में 230 से 240 रुपए तक चले गए थे। इसके बाद इसके दाम धीरे-धीरे कम होते गए। बीते साल इसके दाम दीपावली के समय बहुत कम हो गए थे। इस साल के प्रारंभ में भी इसके दाम 160 रुपए से आस-पास थे। इस साल मार्च में जब सरसों की नई फसल आई तो दाम कम हो गए, लेकिन अब इसके बाद लगातार बढ़ रहे हैं।

# 15वें वित्त आयोग का फंड 6 माह से जारी नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

रायपुर जिले में 15वें वित्त आयोग का फंड पिछले 6 माह से जारी नहीं हो पाया है। इसके कारण जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य भी ठप पड़े हुए हैं।

जिला पंचायत रायपुर की प्रशासनिक बैठक के साथ सामान्य सभा की बैठक 3 से 4 बार हो चुकी है। इन बैठकों में ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों में चल रही केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों पर चर्चा के साथ विकास कार्यों से संबंधित कई मुद्दें भी उठ चुके हैं। जिला पंचायत के कई सदस्यों ने कई ग्रामों में 15वें वित्त आयोग की राशि जारी नहीं होने के कारण पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, नाली निर्माण, सड़क निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाएं भी मिल नहीं पा रही हैं।

रायपुर जिले में जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचित होने के बाद जिला पंचायत रायपुर समिति को गठित हुए लगभग 6 माह हो चुका है। जिला पंचायत के कुछ सदस्यों के अनुसार इन 6 महीनों के दौरान अब तक एक बार भी 15वें वित्त आयोग की राशि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जारी नहीं की गई है। इसके कारण ग्रामों में बुनियादी सुविधा के साथ विकास कार्य भी ठप हैं। राशि लंबित होने के कारण विभिन्न शासकीय योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। सूत्रों के अनुसार कई ग्राम ग्रामों में स्थिति यह है कि आपात जरूरतों को भी पूरा करने में भी पंचायतें अस्मर्थ हैं, जिसके कारण उन गांवों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



#### जिला पंचायत सीईओ-कलेक्टर को सौंपा गया है ज्ञापन

15वें वित्त आयोग की राशि 6 माह से जारी नहीं होने से ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं पर पड़ रहा असर तथा विकास कार्य ठप होने को लेकर जिला पंचायत के कुछ सदस्यों ने सीईओ कुमार बिश्वरंजन और कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इस ज्ञापन के जरिए सदस्यों ने 15वें वित्त आयोग की राशि जारी करने की मांग की है, ताकि ग्राम पंचायतों में लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने के साथ अन्य विकास कार्य भी कराए जा सकें।

#### जल्द जारी होना चाहिए

15वें वित्त आयोग की राशि जारी नहीं होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिए जल्द से जल्द राशि जारी होना चाहिए। राशि कब जारी हो अफसरों से बातचीत कर बता पाऊंगा।

- **नवीन अग्रवाल,**
अध्यक्ष,
जिला पंचायत रायपुर

# गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण की प्रदेशव्यापी मांग कैट ने महानिरीक्षक पंजीयन को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में जमीन की नई गाइडलाइन दर में बढ़ोतरी को लेकर कैट के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक को सुझाव के साथ ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नई दरें कई स्थानों पर वास्तविक बाजार स्थिति से मेल नहीं खातीं, जिसके कारण संपत्ति बाजार में मंदी की स्थिति बन रही है। बढ़े हुए शुल्क व अव्यावहारिक दरें खरीदारों और विक्रेताओं दोनों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रही हैं, साथ ही रजिस्ट्री की संख्या घटने से सरकारी राजस्व पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश में हाल ही में लागू की गई नई गाइड लाइन दरों एवं अचल संपत्तियों के पंजीयन शुल्क में वृद्धि के बाद व्यापारिक समुदाय, रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों के बीच व्यापक असंतोष और चिंता देखने को मिल रही है। इसी क्रम में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक पुष्पेंद्र कुमार मीना को विस्तार पूर्वक अपनी बात रखते हुए ज्ञापन के साथ सुझाव भी सौंपे।

#### ज्ञापन में इन प्रमुख सुझाव को किया शामिल :

- पंजीयन शुल्क का युक्तियुक्तकरण हो, वर्तमान शुल्क संरचना कई क्षेत्रों में वहन क्षमता एवं वास्तविक लेनदेन से अधिक है। शुल्क को क्षेत्रवार बाजार मूल्य के अनुसार संतुलित करने की मांग रखी गई।
- गाइडलाइन दरों का संतुलित एवं यथार्थ निर्धारण किया जाए।
- पंजीयन प्रक्रिया में सरलता और पारदर्शिता का सुझाव

#### अचल संपत्ति शुल्क में सुधार, चैंबर ने वित्तमंत्री से की मुलाकात

अचल संपत्ति में सुधार की मांग को लेकर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नई गाइड लाइन दरों को लेकर सुझाव दिए। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने प्रदेश में लागू नई गाइड लाइन दरों और अचल संपति के पंजीयन शुल्क से जुड़ी तकनीकि चुनौतियों पर अपने सुझाव वित्त मंत्री के समक्ष रखे। चैंबर ने सुझाव दिया कि अचल संपत्तियों के मूल्यांकन और शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया को इस प्रकार संशोधित किया जाए, जिससे आवासीय खरीददारों, उद्यमियों, व्यापारिक संस्थाओं के अलावा रियल इस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी वर्गों को राहत मिले। इसके साथ ही इन बदलावों के जरिए राज्य में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को और अधिक सुगम बनाने का प्रस्ताव रखा गया। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि वित्त मंत्री ने चैंबर के सुझावों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सभी सुझावों पर विभागीय स्तर पर गहन विचार-विमर्श कर अध्ययन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के विशेष सलाहकार तिलोचंद बरड़िया, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, जितेंद्र शादीजा, मनीष प्रजापति, हरचरण सिंह साहनी, अमित गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।






# शहर में लौटी ठंड, माना में जोरदार असर, तापमान 4 डिग्री नीचे

**रायपुर।** लौटी ठंड ने पिछले चौबीस घंटे में मध्य हिस्से में अपना जोरदार असर दिखाया है। शुक्र-शनिवार की दरम्यानी रात माना का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री नीचे था।

- **उत्तरी हिस्से में शीतलहर का प्रभाव, बस्तर में अच्छा असर**

लालपुर का पारा पुनः 13 तक पहुंचा, जिससे यहां भी सर्दी का जोरदार असर रहा है। उत्तरी हिस्सा शीतलहर की चपेट में है और बस्तर में इसका अच्छा खासा प्रभाव है। कुछ दिन ब्रेक के बाद लौटी ठंड ने अपना ज्यादा असर दिखाया है। सरगुजा संभाग के कई शहर काफी दिनों से शीतलहर की चपेट में हैं। वहीं मध्य यानी रायपुर और दुर्ग संभाग में इसका जोरदार प्रभाव है और बस्तर में अच्छी ठंड पड़ रही है। पिछले चौबीस घंटे में शहर में ठंड का जोरदार असर रहा। रात में कड़ाके की ठंड का प्रभाव दिन में महसूस हुआ और लोग दिन में भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। शाम होने के बाद एक बार फिर ठंडा माहौल हावी हो गया और रात होने के बाद लोग ठिठुरते रहे। इधर मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो से तीन दिन राज्य के औसत तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

#### कहां कितना रहा पारा

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 13.1 | -2.4 |
| माना | 11.4 | -3.9 |
| बिलासपुर | 13.0 | -2.3 |
| पेंड्रा | 9.8 | -2.9 |
| अंबिकापुर | 8.5 | -2.4 |
| जगदलपुर | 12.4 | -0.6 |

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 विश्व शांति महापूजा में 500 यजमानों....

## एजुकेशन अलर्ट

### सीजीपीएससी : 238 पदों पर होगी भर्ती, 1 दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2025 का विज्ञापन जारी कर दिया है। इस भर्ती के माध्यम से राज्य की विभिन्न सेवाओं में कुल 238 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस बार सर्वाधिक 51 पद नायब तहसीलदार के लिए हैं, जो राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित होंगे। इसके बाद 29 पद मुख्य नगरपालिका अधिकारी (कक्षा 'ग') और 28 पद राज्य पुलिस सेवा (उपपुलिस अधीक्षक) के लिए आए हैं।

पिछले एक दशक के आंकड़ों पर नजर डालने से पता चलता है कि राज्य सेवा परीक्षा में पदों की संख्या में उतार-चढ़ाव रहा है। वर्ष 2015 में सर्वाधिक 352 पदों की भर्ती हुई थी, जबकि कोविड वर्ष 2020-21 में 171–175 पदों तक संख्या घट गई थी। 2024 में 246 पदों के लिए नोटिफिकेशन था, इस वर्ष 238 पदों के साथ भर्ती जारी की गई है। यह संख्या पिछले कई वर्षों की तरह लगभग 200-250 के दायरे में बनी हुई है, जिससे राज्य में प्रशासनिक सेवाओं की निरंतर मांग दिखती है।





#### अन्य महत्वपूर्ण पद

मुख्य नगरपालिका अधिकारी (कक्षा 'ख'): 18 पद छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी : 15 पद छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा (उप जिलाधिकारी): 14 पद राज्य कर निरीक्षक : 16 पद उपपंजीयक: 12 पद आबकारी उपनिरीक्षक: 11 पद राज्य कर सहायक आयुक्त: 10 पद

#### आवेदन तिथि व परीक्षा की रूपरेखा

आनलाइन आवेदन प्रारंभ: 1 दिसंबर 2025, दोपहर 12 बजे आवेदन की अंतिम तिथि: 30 दिसंबर 2025, रात्रि 11.59 बजे तक त्रुटि सुधार : 31 दिसंबर 2025 – 2 जनवरी 2026 (मुफ्त) सशुल्क त्रुटि सुधार : 3 – 5 जनवरी 2026 (500 शुल्क) प्रारंभिक परीक्षा की संभावित तिथि : 22 फरवरी 2026 (सुबह 10–12 तथा दोपहर 3–5 बजे) मुख्य परीक्षा की संभावित तिथियां: 16, 17, 18 एवं 19 मई 2026।

#### आयु सीमा, आरक्षण व अन्य पात्रता

*सामान्य वर्ग के लिए) - 1 जनवरी 2025 को 21 से 30 वर्षछत्तीसगढ़ स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष (35 + 5 साल छूट)अन्य आरक्षित श्रेणियां - अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला उम्मीदवार, विधवा/परित्यक्ता, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग नियमानुसार अतिरिक्त आयु छूट दी गई है। शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री। अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परिणाम घोषित न हुआ हो तो भी प्रारंभिक परीक्षा दे सकते हैं; लेकिन मुख्य परीक्षा तक डिग्री अनिवार्य होगी।*

### इस्कॉन-2025 में देश-विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

# दुर्घटना में घायलों को ट्रामा यूनिट में एआई तकनीक से इलाज में मिल रही मदद, एक्सपर्ट का व्यू ऑफ पाइंट जरूरी

*'तेजी से बढ़ते सड़क हादसों और विभिन्न तरह की बीमारियों में सर्जरी की जरूरत ने देश-विदेश में निश्चेतना विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञ चिकित्सकों की चिंता बढ़ा दी है। इस श्रृंखला में इस्कॉन-2025 द्वारा आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए देश-विदश से तीन हजार से ज्यादा विशेषज्ञ जुटे हैं। आस्ट्रेलिया से आए डॉ. माइकल ने बताया कि बड़ी दुर्घटना में घायलों का ट्रामा यूनिट में इलाज करने के लिए हम एआई तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। इससे इलाज में मदद मिल रही है, लेकिन इसके लिए एक्सपर्ट का व्यू ऑफ पाइंट जरूरी है।'*



**रायपुर।** इन दिनों शहर के वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े तीन हजार से ज्यादा एक्सपट्‌र्स जुटे हैं। यहां 72वें इस्कॉन-2025 की श्रृंखला में आयोजन समिति की पहल पर आपस में निश्चेतना विशेषज्ञ के रूप में इस नेशनल कान्फ्रेंस में अपने अनुभव भी साझा कर रहे हैं। इस वार्षिक कांफ्रेंस में अपने शोध, निष्कर्षों के साथ अनुभव को भी साझा कर रहे हैं। शोध प्रस्तुतियों के बाद वे अलग-अलग सत्र में प्रश्नोत्तर की कड़ी में चिकित्सा छात्रों ही नहीं, बल्कि विशेषज्ञों को भी निश्चेतना विज्ञान में लगातार नए प्रयोगों के साथ नई तकनीक का इस्तेमाल किस तरह से करना होगा, यह बताने के साथ ही नई शोध चर्चाओं में भाग लेते हुए नवीन ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. सुधीर टिचकुले ने बताया कि इस कांफ्रेंस में आस्ट्रेलिया, यूएई सहित कई देशों से आए 21 चिकित्सकों ने अलग-अलग दिन एक्सपर्ट के रूप में चर्चा की।

#### क्रिटिकल पैरामीटर जांचने में नई तकनीक का सपोर्ट



आस्ट्रेलिया से आए डॉ. माइकल पार ने निश्चेतना एक्सपर्ट के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जिस तेजी से सर्जरी के मामले बढ़ रहे हैं। उसे देखते हुए चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग किया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा फील्ड में किसी भी तरह की सर्जरी में पेशेंट को जरूरत होती है। उसके क्रिटिकल साइट के इलाज में तकनीक काम आएगी, लेकिन इसकी जरूरत का आकलन और इलाज के तरीके एक्सपर्ट का व्यू आफ पाइंट होगा। एआई का उपयोग सड़क हादसों में घायल होने के बाद ट्रामा यूनिट में आने वाले ज्यादातर पेशेंट के इलाज में करते हैं। इसके माध्यम से ट्रामा पेशेंट के इलाज में ज्यादा सपोर्ट मिल रहा है। इस नई तकनीक में पेशेंट का कम्प्यूटराइज्ड प्रोटोकॉल तय करने में मदद मिलती है। इससे डैमेज पाइंट का जल्दी पता चलता है। इससे क्रिटिकल पैरामीटर को जांचने के बाद उचित उपचार किया जाता है। इससे गंभीर हादसों में घायल होने वालों का जीवन बचाने में काफी मदद मिलती है।

#### देश के बड़े शहरों में नई चिकित्सा तकनीक का इस्तेमाल



डॉ. महेश सिन्हा ने बताया कि नई तकनीक आने से इलाज काफी सुरक्षित हुआ है। जटिल ऑपरेशन में निश्चेतना विशेषज्ञों की जरूरत भी तेजी से बढ़ रही है। सर्जरी से जुड़े ट्रीटमेंट ही नहीं, बल्कि हादसों में घायल होने वालों का इलाज करने में भी निश्चेतना एक्सपर्ट की जरूरत पड़ती है। हर तरह की सर्जरी में पेशेंट की स्थिति, उसकी हृदय गति, ब्लड पैरामीटर जांचने की जरूरत होती है। इसमें समय लगता है। अब एआई तकनीक आने से इलाज में कुछ हद तक मदद बड़े शहरों में लिया जाने लगा है। रायपुर में भी कुछेक डॉक्टर इस तकनीक का उपयोग करते हैं। इसका चलन अभी छत्तीसगढ़ में बहुत ज्यादा नहीं है। देश के बड़े शहरों और विदेशों में तकनीक ज्यादा प्रयोग में लाई जा रही है।

#### पेशेंट का जीवन बचाने में होगी आसानी, कमांड जरूरी



शरीर के किसी हिस्से को शून्य करने में निश्चेतना चिकित्सकों की जरूरत पड़ती है। यह जरूरत वर्तमान समय में पहले की अपेक्षा बढ़ गई है। सबसे ज्यादा चुनौती ब्रेन, चेस्ट, लीवर की सर्जरी से पहले होती है। ऑपरेशन के समय पेशेंट के उस क्षेत्र को शुन्य करने के बाद ज्यादा दर्द न होने पाए, इसके लिए भी निश्चेतना एक्सपर्ट की जरूरत बनी रहती है। गहन चिकित्सा कक्ष में एक्सपर्ट इमरजेंसी के लिए सेवा देते हैं। कुछ इसी तरह की जानकारी मुंबई से आए डॉ. जेबी दिवातिया ने साझा की। बताया कि एआई कुछ अवसर विशेष पर इसकी मदद करेगा। इसकी मदद से पेशेंट का जीवन बचाने में आसानी होगी। अभी इसका उपयोग बढ़ने में समय लगेगा। इस नई तकनीक का इस्तेमाल करने में कमांड की जरूरत होगी।

#### बच्चों की सर्जरी निश्चेतना विशेषज्ञ के लिए चुनौती



डॉ. नवीन मल्होत्रा रोहतक ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब भी सबसे ज्यादा चुनौती बच्चों की सर्जरी के दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ के रूप में अभी भी सामने होती है, क्योंकि छोटा बच्चा बता नहीं पाता है। ऐसी स्थिति में उसके भावों से ही पता लगाया जाता है कि बच्चे की मनःस्थिति कैसी है। उससे पहले ब्लड जांच रिपोर्ट सहित न्यूरोलॉजिस्ट की ओपेनियन अहम होती है। बच्चों से जुड़ी 80 फीसदी बीमारी को दवाओं से कंट्रोल किया जा सकता है। क्रिटिकल मामलों में ही सर्जरी की जाती है। एआई तकनीक आने से इसका फायदा जरूर मिलेगा, लेकिन कमांड एक्सपर्ट को ही करना होगा। पहले की अपेक्षा अभी तक काफी कुछ बदलाव देश की निश्चेतना चिकित्सा में हुई है। इसका फायदा भी होने वाली सर्जरी की सफलता में देखने को मिलती है।

## सिटी इवेंट

### सोलर एनर्जी से संचालित स्मार्ट एयर प्यूरीफायर, 2.5 माइक्रोमीटर तक के सूक्ष्म कणों को भी करता है शुद्ध



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा 'आइडियाथॉन - 2k25 : एक अंतर-संस्थागत आइडिया चैलेंज' का आयोजन किया गया। यह सत्र इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स अध्ययनशाला में हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम विचारों को प्रस्तुत करने और उन्हें वास्तविक समस्याओं के समाधान के रूप में विकसित करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, प्रबंध निदेशक पीके निमोनकर, एनआईटी से डॉ. बी. आचार्य, और डॉ. अनुज शुक्ला उपस्थित रहे।

#### सेंसर आधारित स्मार्ट सिग्नल प्रणाली

छात्रों ने संबोधन में कहा कि किसी मार्ग पर वाहन कम होते हैं, तब भी स्थिर समय वाले सिग्नल लंबी अवधि तक ग्रीन लाइट दे देते हैं, जिससे व्यस्त लेन पर वाहनों को अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए छात्रों ने सेंसर-आधारित स्मार्ट सिग्नल प्रणाली से ट्रैफिक की स्थिति की जांच के लिए आइडियाज तैयार किया। यह ग्रीन लाइट की अवधि को समायोजित करने में मददगार है। अगर किसी लेन पर कम ट्रैफिक है तो ग्रीन लाइट की अवधि को 60 सेकंड से घटाकर 15 सेकंड किया जा सकता है, इससे यातायात प्रवाह में सुधार होगा।

#### स्मार्ट वायु शुद्धिकरण प्रणाली

छात्रों ने कम लागत में टिकाऊ और स्मार्ट तकनीक आधारित वायु शुद्धिकरण प्रणाली विकसित की, जो सौर ऊर्जा और एसी सप्लाई से निरंतर कार्य कर सके। इसमें प्री-फिल्टर, बड़े धूलकण और गंदगी को रोकने के लिए लगाया गया। साथ ही सक्रिय कार्बन फिल्टर, जो धुआं, दुर्गंध और हानिकारक गैस को हटाने में मददगार है। हेपा फिल्टर लगाया, जो सूक्ष्म पीएस 2.5 कणों को रोकता है। साथ ही आयोनाइजर, जो सूक्ष्मजीवों को नष्ट करता है और वायु की गुणवत्ता को सुधारता है।

#### फूलों के अवशेष से धूप,अगरबत्ती बनाना

धार्मिक स्थानों से प्राप्त होने वाले फूलों के वेस्ट मटेरियल को री-साइकिल कर धूप और अगरबत्ती तैयार करने का आइडिया छात्रों ने तैयार किया। यह री-साइकिलिंग की दिशा में बेहतर प्रयास साबित हो सकता है। इसके लिए जैविक पदार्थों की री-साइकिलिंग प्रक्रिया कर, बड़े पैमाने पर संसाधनों की आवश्यकताओं को पूर्ण किया जा सकता है।

#### गैर-विद्युत ट्रैकिंग प्रणाली

स्थिर सौर पैनल सूर्य की बदलती स्थिति के अनुसार दिशा में नहीं बदलते, जिससे उन्हें सूर्य से कम रोशनी मिलती है और पैनल की कार्यक्षमता घट जाती है। ऐसे में एक ऐसी गैर-विद्युत ट्रैकिंग प्रणाली विकसित की जा सकती है, जो सूर्य की दिशा के साथ पैनल को स्वचालित रूप से घुमा सके और पैनल को हमेशा सूर्य की दिशा में रखे। यह पद्धति सौर पैनल की कार्यक्षमता में सुधार करेगी और अधिक ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करेगी।

### 25 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों का सम्मान सांस्कृतिक नृत्य और पारंपरिक खेलों का आयोजन

**रायपुर।** होलीक्रॉस कापा में वार्षिक खेल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे छात्रों की सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति से हुई, जहां रंगारंग कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। समारोह में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति ने समा बांधा तो वही खेल समारोह में सैकड़ों छात्रों की भागीदारी रही। इस अवसर पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्ण भाग लिया। ऐसे में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस खास अवसर पर मुख्य अतिथि हेड ऑफ न्यूरो फिजियोथैरेपी विभाग से प्रफुल्ल बानी, विद्यालय के प्राचार्य फॉदर डॉ. दिलीप लाकरा और मैनेजर शांति प्रकाश पन्ना उपस्थित रहे।



#### वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

वार्षिक खेल उत्सव के दौरान न केवल क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, बल्कि आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पिछले 25 वर्षों से सेवा दे रही शिक्षिकाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जो उनके समर्पण और योगदान को दर्शाता है। साथ ही पूर्ण उपस्थिति और उत्तम अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को उनके पालकों सहित सम्मानित किया गया। होलीक्रॉस कापा के वार्षिक खेल दिवस में पारंपरिक खेलों को प्राथमिकता दी गई, साथ ही प्रतिस्पर्धा, सहयोग और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत किया गया।

### एनआईटी में रोबोटिक्स क्लब ने की "माइक्रोकंट्रोलर्स और प्रोग्रामिंग"

रायपुर। राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के रोबोटिक्स क्लब ने "माइक्रोकंट्रोलर्स और प्रोग्रामिंग" विषय पर कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया। दो सत्र में आयोजित की गई कार्यशाला में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग के वरिष्ठ अभियंता सुधीर चिरिवेला और वेब डिजाइन एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स (एलओटी) के विशेषज्ञ डॉ. अरविंद पाल, करियर डेवलपमेंट सेंटर डॉ. समीर बाजपेई और रोबोटिक्स क्लब के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. राजेश डोरिया शामिल हुए। पहले सत्र में सुधीर चिरिवेला ने एमएसएमई के संचालन, निवेश एवं टर्नओवर के आधार पर उनके वर्गीकरण प्रणाली, कौशल विकास, डिजाइन एवं तकनीकी सहायता पर चर्चा की।उनके उद्देश्यों तथा उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से लेकर माइक्रोकंट्रोलर्स की मूलभूत अवधारणाओं तक के विषय शामिल थे।



#### बटन कंट्रोल और मोटर कंट्रोल जैसे डेमो प्रोग्राम भी शामिल

सत्र में विभिन्न वायर्ड एवं वायरलेस संचार प्रोटोकॉल, परिचय, इसके प्रकार, पिन कॉन्फ़िगरेशन, आवश्यक कमांड्स तथा एलईडी ब्लिंकिंग, बटन कंट्रोल और मोटर कंट्रोल जैसे डेमो प्रोग्राम भी शामिल थे। सत्र के दूसरे भाग में डॉ. अरविंद पाल ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स की मूल अवधारणा से परिचय कराया। बताया कि एलओटी का अर्थ किसी भी डिवाइस या सेंसर को इंटरनेट से जोड़कर डेटा विनिमय एवं नियंत्रण को संभव बनाना है। उन्होंने ईएसपी 32 और डीएचटी22 सेंसर का उपयोग करते हुए सरल एलओटी प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया।

### सर्दियों में कॉफी प्रेमियों के लिए विकल्पों की भरमार, युवा अब पसंद कर रहे हैं हेल्दी फ्लेवर्स

# ठंड में नए फ्लेवर्स से महक रहे कैफे, कॉफी में 15 से अधिक नए स्वाद, युवाओं में मांग 70 प्रतिशत तक बढ़ी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सर्दी की शुरुआत के साथ शहर के कैफे नए स्वादों की खुशबू से महकने लगे हैं। पहले जहां कॉफी का मजा वैनिला, कैरामेल, हेजलनट और चॉकलेट जैसे कुछ चुनिंदा फ्लेवर्स तक सीमित था, वहीं इस बार सर्दियों में कॉफी प्रेमियों के लिए विकल्पों की भरमार दिखाई दे रही है। शहर के कई कैफे अब 15 से ज्यादा अनोखे फ्लेवर पेश कर रहे हैं, जिनमें पिस्ता लट्टे, लवेंडर ब्रू, रोज कैपेचीनो, दालचीनी-नटमेग स्पाइस कॉफी, कोल्ड ब्रू ऑरेंज जेस्ट, सॉल्टेड कैरामेल मोचा और मशरूम कॉफी जैसे नए स्वाद युवाओं के बीच खास चर्चा में हैं। कैफे संचालक प्रज्वल तन्ना ने बताया कि पिछले एक महीने में नए फ्लेवर्स की डिमांड करीब 70 प्रतिशत बढ़ी है। खासतौर पर युवा और कॉलेज स्टूडेंट्स इन अनोखे जायकों को ट्राय करने के लिए कैफे का रूख कर रहे हैं।





#### युवाओं में नए फ्लेवर्स की डिमांड तेज

*शहर में कॉफी का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। युवाओं में हर सप्ताह नया फ्लेवर ट्राई करने की आदत तेजी से लोकप्रिय हो रही है। कैफे संचालक मुस्कान तिवारी ने बताया कि सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने इस बदलाव को और तेज कर दिया है। कई कैफे अब नए फ्लेवर लॉन्च करते समय रील्स शूट करने की सुविधा भी दे रहे हैं, जिससे युवाओं में एंगेजमेंट और बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में शहर में 50 से ज्यादा नए कैफे खुल चुके हैं, जिससे कैफे कल्चर का विस्तार साफ नजर आता है। मेन्यू में लगातार इनोवेशन बढ़ रहा है। नए फ्लेवर, हेल्दी ऑप्शंस और फ्यूजन कॉफी अब लगभग हर कैफे की पहचान बन चुके हैं। हेल्दी कॉफी ऑप्शंस की मांग भी तेजी से बढ़ी है। युवा अब ऐसे फ्लेवर पसंद कर रहे हैं, जिनमें लो-कैलोरी, नॉन-डेयरी या इम्यूनिटी बूस्ट जैसे फीचर्स हों।*

***नए कॉफी फ्लेवर्स जो युवाओं की पहली पसंद बने पिस्ता लट्टे नटी और क्रीमी स्वाद ने इसे युवाओं के बीच पंसदीदा बना दिया है।***

- लवेंडर कॉफी हल्की सुगंध और रिलैक्सिंग टेस्ट कॉफी में नया अरोमा ट्रेंड।
- सॉल्टेड कैरामेल मोचा मीठे और हल्के सॉल्टी कॉम्बिनेशन की वजह से लगातार डिमांड में।
- मशरूम कॉफी इम्यूनिटी बढ़ाने के गुणों की वजह से फिटनेस लवर्स की पहली पसंद।
- रोज कैपेचीनो फ्लोरल और फ्रेश फ्लेवर क्लासी टेस्ट पसंद करने वालों का फेवरेट।
- दालचीनी नटमेग स्पाइसी और कोजी स्वाद विंटर सीजन में सबसे ट्रेंडिंग।
- हेजलनट कॉफी हल्की मिठास और नटी फ्लेवर हर उम्र में पसंद की जा रही।
- कैरेमल लाटे मीठा, क्रीमी और हमेशा से कैफे मेन्यू का स्टार आइटम।
- वनीला मोचायुवा इसे "कंफर्ट कॉफी" कहते हैं।
- कैपेचीनो सिन्नमन दालचीनी की हल्की लेयर इसे खास बनाती है।
- आयरिश कॉफी क्रीमी टेक्सचर और स्मूथ टेस्ट लक्जरी कॉफी लवर्स की पसंद।
- कोल्ड ब्रू ऑरेंज जेस्ट सिट्रस फ्लेवर के कारण सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा ट्रेंड में।
- टॉफी नट कॉफी मीठा और बटर जैसा स्वाद डेसर्ट कॉफी का नया वर्जन।
- जिंजर ब्रेड लाटे सीजनल बेस्ट विंटर स्पेशल कॉफी।
- कोकोनट मिल्क लाटे वेगन लोगों की पहली पसंद—डेयरी-फ्री और लाइट।

सिटी लाइव

## चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के स्थापना दिवस समारोह में नए अतिथि गृह का लोकार्पण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मसीही समाज ने शनिवार को चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 55वें स्थापना दिवस को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। 1970 में स्वायत्त होकर स्थापित इस चर्च के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। ऐसे में सेंट पॉल्स कैथेड्रल, ग्रेस चर्च, सेंट मैथ्यूस चर्च, सेट जैकब चर्च जोरा और सीएनआई प्रार्थना भवन खड़वा में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। इन आयोजनों में हजारों मसीही समाजजन शामिल हुए और प्रभु यीशु मसीह के जीवन तथा शिक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रार्थना की। इस अवसर पर सामाजिक एकता और सेवा के संदेश को भी प्रमुख रूप से प्रस्तुत किया गया।

### सामूहिक एकता और सेवा का संदेश

इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ डायसिस द्वारा एक नई गेस्ट रूम का उद्घाटन भी किया गया। बिशप सुषमा कुमार और सचिव नितिन लॉरेंस ने इस नए अतिथि भवन का लोकार्पण किया, जो मसीही समाज के समाजिक एवं धार्मिक कार्यों को आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगा। साथ ही साल 2026 में डायसिस के विभिन्न सहायक समितियों के लिए कार्यालय कक्ष निर्माण की योजना को भी अनुमोदित होने की सूचना दी गई। स्थापना दिवस पर भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, अंबिकापुर समेत अन्य शहरों में भी धार्मिक आयोजन हुए, जिसमें समाज के हजारों लोग एकत्रित हुए। स्थापना दिवस के मौके पर कैनटाटा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों को सांस्कृतिक नाट्य रूप में प्रस्तुत किया गया।

धर्म लाइव

## श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह में रमे श्रोता, भक्तों ने की पुष्पवर्षा



**रायपुर।** श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन व्यासपीठ से बलराम भैयाजी अपने प्रवचन में बताया कि भगवान कृष्ण ने बलरामजी के साथ अपनी लीलाओं से मथुरावासियों को भी हैरान किया और कंस का वध किया। अर्थात कंस का वध करते हुए अपने पिता वासुदेव और माता देवकी को कंस के कारावास से मुक्त कराया। मथुरावासियों को कंस के जुल्मों से आजादी मिली। कृष्ण के जाने से गोपियों का उदास यशोदा मैया के पास संवाद करना रोचक प्रसंग का हिस्सा बना। इसे श्रोताओं ने सुनने के साथ रुक्मणी और कृष्ण के विवाह का साक्षी बनते हुए श्रोताओं ने पुष्प वर्षा करते हुए आयोजन को भक्तिमय किया। रुक्मणी द्वारा कृष्ण को एक पत्र भेजा गया, जिसके बाद उनके अनुरोध किया गया, जिसे भगवान कृष्ण ने स्वीकार किया।

### महाराज ने विधि-विधान से कराया विवाह

कथा की जानकारी देते हुए विजय दुसेजा ने बताया कि भाईजी के मार्गदर्शन में कृष्णा और रुक्मणी को भागवत स्थल पर लेकर आते ही भक्तों का प्रेम और उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार इतनी तादात में भक्तजन श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण और उनके विवाह में शामिल होने पहुंचे। बाराती बनकर फूलों की वर्षा करते हुए कमल महाराज द्वारा कृष्ण और रुक्मणी का विवाह कराया गया। इस शुभ विवाह में शामिल होने के लिए कई संत महात्मा भी पहुंचे। संत सांई तुलसीदास, संत सांई हंसदास, संत बाबा त्रिलोक दास, सांई जलकुमार मसंद प्रमुख रूप से शामिल हुए। इनके बीच कथावाचक ने भावपूर्ण प्रसंगों से श्रोताओं को जोड़ने का प्रयास किया।

लाइव इवेंट

## डिजिटल स्पेस सशक्तिकरण का एक मजबूत माध्यम, बढ़ा आत्मविश्वास



**रायपुर।** गुरुकुल महिला महाविद्यालय रायपुर स्थित गुरुकुल प्रेक्षागृह में डिजिटल आत्मविश्वास, सुरक्षा और सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। वीतराग रिसर्च फाउंडेशन रायपुर और संदीपानी अकादमी अछोटी दुर्ग के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में डिजिटल युग में महिलाओं और युवाओं के बीच डिजिटल आत्मविश्वास, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया। एक दिवसीय राष्ट्रीय हाइब्रिड सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए उप पुलिस अधीक्षक (साइबर) रायपुर डॉ. निशित अग्रवाल ने अपने संबोधन में डिजिटल आत्मविश्वास पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में केवल डिजिटल रूप से साक्षर होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि डिजिटल रूप से सुरक्षित और आत्मविश्वासी होना भी जरूरी है।

### साइबर एथिक्स के प्रति जागरूक रहना चाहिए

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर अपने विचारों को व्यक्त करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि सही जानकारी और सुरक्षा उपायों के साथ, डिजिटल स्पेस सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली माध्यम बन सकता है। सम्मेलन में डॉ. ओ. पी. व्यास, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नया रायपुर ने मुख्य वक्ता एवं एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ के रूप में अपने उद्बोधन में अकादमिक और तकनीकी दृष्टिकोण से डिजिटल युग की चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में अब डिजिटल सुरक्षा और नैतिकता को मुख्य पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना अनिवार्य हो गया है।

● देवेंद्र नगर के गुजराती स्कूल परिसर में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण सत्संग मंडल ने किया दो दिवसीय आयोजन का आगाज

# विश्व शांति महापूजा में 500 यजमानों ने मंत्रोच्चार संग किया आवाहन, सत्संग में सनातन और बाल संस्कारों पर चिंतन

विश्व शांति महापूजा का आगाज शनिवार को देवेन्द्र नगर स्थित गुजराती स्कूल परिसर में किया गया। बीएपीएस श्री स्वामीनारायण सत्संग मंडल के इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के पहले दिन शाम 4 बजे से पूज्य ज्ञानेश्वर स्वामी की अगवानी में अलग-अलग राज्यों से आए संतों के श्रीसंघ ने इस धार्मिक अनुष्ठान में भक्तों को शामिल होने का अवसर दिया। आयोजन की भव्यता का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है, क्योंकि 500 यजमानों ने मंत्रोच्चार के साथ महापूजा में शिरकत की। इसमें यजमान परिवार के साथ शामिल हुए। इसके बाद सत्संग में स्वामी जी ने सनातन और बाल संस्कारों पर अपने उद्गार प्रकट करते हुए चिंतन किया।



**रायपुर।** गुजराती स्कूल प्रांगण से लेकर सभागार तक भक्तिमय माहौल देखने को मिला। प्रवेश द्वार से आगे बढ़ते ही लोगों को बनाई गई व्यवस्था से जोड़ने के लिए सत्संग मंडल से जुड़े लोगों की ड्यूटी लगाई गई थी।

महापूजा कक्ष में प्रवेश से पहले टीका लगाते हुए संतों ने कलाई पर पवित्र सूत्र बांधकर प्रवेश दिया। इसके बाद शुरू हुई महापूजा के दौरान ज्ञानेश्वर स्वामी के साथ मुंबई, गुजरात, कलकत्ता से आए संतो ने मंत्रोच्चार करत हुए महापूजा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। करीब दो घंटे तक चली इस महापूजा के बीच सत्संग मंडल के लोगों ने व्यवस्था बनाने का दायित्व बखुबी निभाया। इसके चलते तय समय में आयोजन के पहले दिन धार्मिक विधान पूजा किया गया। इसमें हर वर्ग के लोगों की सहभागिता से धार्मिक आयोजन में लोग रात 9 बजे तक शामिल हुए। इस बीच शाम साढे 6 बजे से सत्संग का सिलसिला चला।

### मंदिर जाने के लिए भी तय करें समय



पूज्य ज्ञानेश्वर स्वामी ने सत्संग में हिन्दू सनातन धर्म में आस्था केन्द्र के रूप में बताई गई मंदिरों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर किसी को दिन में एक समय मंदिर जाने के लिए भी तय करना चाहिए। इससे दैनिक कर्म करते समय भी आध्यात्मिक सोच और विचारों से आप जुड़े रहेंगे। इस दैनिक क्रिया का असर सिर्फ आपके जीवन पर ही नहीं बल्कि उसे देखने वाले परिवार के छोटे बच्चों पर भी पड़ेगा। धर्म और आध्यात्मिक संस्कृति से इस तरह के प्रयास से भी भावी पीढी को जोड़ सकते हैं। इसके लिए सजग भाव से धर्म को आत्मसात करना होगा। अगर सत्संग में आए हैं, तो यहां से विचार लेकर जाएं। इसे सिर्फ लेकर जाने से काम पूरा नहीं होगा, इसे जीवन में आत्मसात करने का भी प्रयास करें।





### बच्चों को संस्कार दें और धर्म से जोड़ें

स्वामी जी ने आगे कहा कि जीवन में परिवर्तन शिक्षा और संस्कार से ही संभव है। इसके लिए सनातन में हर वर्ग के लिए एक उच्च आदर्श तय किए गए हैं। जिसे अगर घर के बड़े अपनाएंगे, तो उसका असर बच्चों पर पड़ेगा। बच्चों को संस्कार देने से ही वह धर्म को जानने के साथ उससे जुड़ेंगे। इसके लिए परिवार के लोगों को ही प्रयास करना होगा। दिन में एक बार उन्हें साथ में लेकर मंदिर जाने का प्रयास करने से भी वह धर्म के प्रति सजग होंगे। स्कूली शिक्षा के साथ संस्कारों की शिक्षा की जरूरत भी बदलते दौर में बढ़ गई है।अगर बच्चा शिक्षा और धर्म से जुड़ेगा, तो वह गलत दिशा में नहीं जाएगा।

### मंदिर में आज पुनः मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव

आगे बताया कि भव्य भारतीय सनातन संस्कृति के आधार स्तंभ मंदिर है। जहां सत्कर्म की गंगा, प्रभु भक्ति की यमुना और अध्यात्म ज्ञान की सरस्वती निरंतर प्रवाहित होती है। जहां अनेक लोगों का अशांत जीवन मंगलमय एवं सुखमय बनता है। इसलिए मंदिर शांति का केन्द्र बिंदु है। सामाजिक, नैतिक, शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक उत्कर्ष के कार्यों की भागीरथी बहाते बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के मंदिरों का समाज में एक अमूल्य योगदान है। स्वामी ने इन संवादों के साथ भक्तों को बताया कि दो दिवसीय आयोजन की श्रृंखला में 30 नवंबर को सुबह 9 बजे से देवेंद्र नगर सेक्टर -दो स्थित मंदिर में पुनः मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव शुरु होगा।

# युवाओं को मानसिक शांति देने 'ताली कीर्तन' नशामुक्त जीवन के साथ सकारात्मक सोच

**रायपुर।** युवाओं का एक वर्ग मानसिक शांति के लिए आध्यात्मिक पहल से जुड़ने लगा है। वीकेंड पार्टी कल्चर से युवाओं को बचाने के लिए 'ताली कीर्तन' का चलन शहर में तेजी से बढ़ रहा है। देवेंद्र नगर स्थित एक दफ्तर में हर सप्ताह शनिवार को युवा ताली बजाते हुए भजन-कीर्तन करते हैं। बिना किसी माइक या वाद्ययंत्र के पांच युवा व्यवसायियों ने 28 जून को इसकी शुरुआत की थी। तब से प्रत्येक शनिवार को इसका नियमित आयोजन किया जाता है। मात्र पांच महीनों में प्रतिभागियों की संख्या 60–70 तक पहुंच गई है। अब कई बुजुर्ग भी इसमें शामिल होने लगे हैं। नितिन अग्रवाल बताते है कि भागदौड़, बिजनेस के तनाव और बिगड़ी हुई दिनचर्या से राहत पाने के लिए अक्सर वीकेंड पार्टी या क्लबिंग का सहारा युवा लेते थे। इसने स्वस्थ और सकारात्मक विकल्प के रूप में 'ताली कीर्तन' को जन्म दिया।

भागदौड़ बिजनेस के तनाव और बिगड़ी हुई दिनचर्या से राहत पाने का उपाय



### मानसिक शांति देता है सामूहिक ताली-कीर्तन

*नितिन अग्रवाल और अनिल अग्रवाल के कार्यालय में ही श्याम बाबा का दरबार सजाया जाता है। जहां सभी एकत्र होकर ताली की लय पर सामूहिक भजन करते हैं। युवाओं को वीकेंड पर होटल और बार में समय बिताते से बचाने के लिए देर-रात तक ताली-कीर्तन करना कारगर हो रहा है। नशे की आदत से बाहर निकलने में भी 'ताली-कीर्तन' उपयोगी हो रहा है। शांत, सकारात्मक और आत्मिक विकल्प सामने है। इस पहल में रजत अग्रवाल, उदित अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल का अहम योगदान है। सदस्यों में सुधीर, मग्गू नारायण मूलचंदानी, नितिन, रजत अग्रवाल, मनीष मोटवानी, नैना अग्रवाल, सत्येन्द्र बिसेन, दिव्यांश मोदी, अमन अग्रवाल, राकेश दुबे, नीरज बिर्मीवाल प्रमुख हैं।*

### रीचार्ज करने वाला एक सकारात्मक अनुभव

ताली कीर्तन में शामिल होने वाले युवा अपना अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि भागदौड़ के चलते वीकेंड पार्टी कल्चर युवाओं के लिए मजबूरी बन गया था। ताली-कीर्तन ने हमें इसका खूबसूरत विकल्प दिया। यहां न शोर है, न तनाव है, सिर्फ ताली व भजन की ऊर्जा के साथ आध्यात्मिक माहौल में समय बिताना काफी है। यह डेढ़-दो घंटे सप्ताहभर की थकान उतार देते हैं। मन को नई ताजगी मिलती है। तेजी से भागती जिंदगी में मन और शरीर दोनों थकते हैं। ताली-कीर्तन से हमें मानसिक संतुलन और सुकून मिलता है। बिना किसी वाद्ययंत्र केवल तालियों और सामूहिक आवाजों से ऊर्जा मिलती है। यह सिर्फ भजन नहीं, बल्कि मन को रीचार्ज करने वाला एक सकारात्मक अनुभव है।

# भजन-कीर्तन करते भक्तिभाव से आज निकलेगी कलश यात्रा

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन की पहल पर रविवार को दोपहर 3 बजे एक भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। मिशन के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि बूढ़ापारा स्थित गणेश मंदिर निकलने वाली कलश यात्रा में सैकड़ों की तादाद में भक्त शामिल होंगे। भक्तिभाव से 51 महिलाओं द्वारा भव्य कलश धारण किया जाएगा। इस कलश यात्रा में सभी गुरु भाई भी भजन-कीर्तन करते हुए साथ में चलेंगे। इस यात्रा के साथ भजन गाते कई दल चलेंगे। सदगुरुदेव सुधांशु महाराज का आगामी 4 से 7 दिसंबर तक इंडोर स्टेडियम में दिव्य भक्ति सत्संग होने वाला है। इससे लोगों को जोड़ने के लिए यह धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इसमें मिशन से जुड़े हर वर्ग के लोग शामिल होंगे।

विश्व जागृति मिशन की पहल पर भक्तिमय आयोजन

### इंडोर स्टेडियम में होगा आयोजन का समापन

*आगामी दिनों में होने वाले दिव्य सत्संग का प्रचार प्रसार रायपुर शहर में करने के लिए यह कलश यात्रा रायपुर मंडल द्वारा आयोजित की जा रही है। कलश यात्रा तय समय में शाद्वानी चौक से विधि-विधान से शुरू की जाएगी। जो सदर बाजार, सत्ती बाजार से होते हुए कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना के सामने से होते हुए शीतला माता मंदिर मार्ग से आगे बढ़ेगी। सैकड़ों की तादाद में मिशन से जुड़े भक्त-भाई सपरिवार इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इस कलश यात्रा का समापन देर-शाम इंडोर स्टेडियम पहुंचने के बाद विधिवत किया जाएगा।*

मेले में छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों के शिल्पकार और बुनकरों द्वारा उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन

# गोंडवाना महोत्सव में बच्चों ने दिखाया हुनर, तबला ढोल और पियानो पर बिखेरा सुरों का जादू

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प और बुनकरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 17 दिवसीय गोंडवाना महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो चुका है। बीटीआई ग्राउंड में आयोजित इस महोत्सव में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से आए शिल्पकारों और बुनकरों की उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की जा रही हैं। मां पीतांबरा जनसेवा समिति द्वारा आयोजित इस गोंडवाना राष्ट्रीय आजीविका एवं सांस्कृतिक कला महोत्सव में आदिवासी लोकनृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण असम की शैली में बना भव्य प्रवेश द्वार है, जो दर्शकों को खूब लुभा रहा है। इसके साथ ही देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।







आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी महोत्सव को बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है। शुक्रवार से विभिन्न प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी हैं, जिनमें इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन कर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताएं अलग-अलग दिनों में आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बच्चों से लेकर महिलाओं तक सभी के लिए अवसर उपलब्ध हैं। महोत्सव कला प्रेमियों और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जानने का एक अनूठा मंच बन चुका है।

### हैंडमेड और हैंडलूम की वस्तुएं खींच रहीं दर्शकों का ध्यान

गोंडवाना महोत्सव में इस बार भी हस्तशिल्प और हैंडलूम उत्पादों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। देश-प्रदेश से आए शिल्पकारों द्वारा तैयार हैंडमेड ज्वेलरी, वस्त्र, घरेलू साज-सज्जा की वस्तुएं और पारंपरिक कपड़े लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। इसके अलावा ऑटोमोबाइल, फूड जोन, घरेलू उपकरण, फर्नीचर, प्रॉपर्टी और रियल एस्टेट आदि प्रदर्शनी स्टॉल्स भी लगाए गए हैं, जहां भारी छूट के साथ खरीदारी की जा सकती है। मनोरंजन के शौकीनों के लिए भी इस मेले में पहली बार 28 सीटर जॉइंट व्हील झूला, ड्रैगन राइड, पैंथर झूला और बच्चों के कई आकर्षक झूले लगाए गए हैं, जो मेले को पारिवारिक पिकनिक जैसा अनुभव बना रहे हैं।

### बच्चों ने दर्शकों को भी मंत्रमुग्ध किया

गोंडवाना महोत्सव मेले में शनिवार को शुरू हुई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपने वाद्ययंत्रों के हुनर और टैलेंट से सबका दिल जीत लिया। तबला, ढोल और पियानो की धुनों पर बच्चों ने न सिर्फ अपनी कला दिखाई, बल्कि दर्शकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। इस तरह के आयोजन से बच्चों को मंच मिलता है, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ सामने आ सकते हैं। महोत्सव में आगे भी विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की कृति ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर-23 टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 24 नवंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच शनिवार को चंडीगढ में विदर्भ अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़. अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़. ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 136 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़. की ओर से कुमुद साहु ने 42 तथा कुति गुप्ता ने 32 रन बनाये। विदर्भ अंडर-23 टीम की ओर से तृप्ति ने 3 विकेट प्राप्त किये। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ अंडर-23 की टीम ने 19.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। विदर्भ की ओर से कप्तान ऋद्धि ने नाबाद 60 रन तथा आयुषी ठाकरे ने 25 रनों का योगदान दियां। छत्तीसगढ़.की ओर से कृति गुप्ता ने 3 विकेट प्राप्त किये। विदर्भ ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### कायाकिंग एंड कैनोइंग इंटरनेशनल प्रेजिडेंट कप में छत्तीसगढ़ को दो पदक



**रायपुर।** टिहरी झील उत्तराखंड में शुक्रवार 28 नवम्बर से तीन दिन तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहसिक जल क्रीड़ा कायाकिंग एंड कैनोइंग इंटरनेशनल प्रेजिडेंट कप 2025 का आयोजन इंडियन कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए) के द्वारा किया जा रहा है।

कायाकिंग एंड कैनोइंग की इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत सहित 22 देशों के लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन छत्तीसगढ़ को दो पदक मिले। 1000 एम सी 2 महिला ब्रॉन्ज़ मेडल नीतू सोनवाने, मनमती बघेल 1000 एमसी 4 पुरुष ब्रॉन्ज़ मेडल भावेश साहू, तोरण साहू, सागर, पीलाश शामिल हैं। इस अवसर पर, बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष , छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता हेतु जिला ट्रायल आज

**भिलाई।** 15 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता महिला पुरुष स्पर्धा बिलासपुर में 6 से 7 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता हेतु नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार जिले का पुरुष व महिला चयन ट्रायल कल 30 नवंबर को भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर 02 नेटबॉल ग्राउंड में संध्या 4:30 से आयोजित है। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल हेतु दिए गए समय में आधार कार्ड ,एनएफआई रजिस्ट्रेशन नंबर एवं एक पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं। यह जानकारी एस मोहन राव जिला सचिव नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने दी।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन की सामान्य सभा आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन की सामान्य सभा 30 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे क्वींस क्लब ऑफ इंडिया, व्ही. आई. रोड, रायपुर में आयोजित है। उक्त बैठक का मुख्य एजेंडा संस्था की नवीन कार्यकारिणी का गठन वर्ष 2025-2029 तक किया जाना है । बैठक में अन्य कार्यसूची विगत वर्ष की बैठक का अनुमोदन, सचिव प्रतिवेदन के साथ साथ वर्ष 2024-25 में खिलाड़ियों की प्रगति एवं विभिन्न जिला इकाइयों में फेंसिंग खेल को क्लब कल्चर में बढ़ावा देने हेतु रूपरेखा पर चर्चा, वर्ष 2024-25 का परीक्षित ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट, वर्ष 2025-26 के लिए ऑडिटर की नियुक्ति, वर्ष 2025-26 का वार्षिक खेल कैलेंडर का अनुमोदन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम गोरखपुर रवाना

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुश्ती ग्रीको रोमन स्पर्धा 30 नवंबर से 04 दिसंबर तक गोरखपुर में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ की 17 और 19 वर्ष बालक टीम दल प्रबंधक संजय कुमार यादव व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा अकलतरा के नेतृत्व में गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) के लिए रवाना हुई। दल प्रबंधक संजय कुमार यादव कबड्डी, कुश्ती, तैराकी, फेंसिंग एथलेटिक्स के विशेषज्ञ एवं कबड्डी के एन आई एस कोच हैं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोच नीलेश कुमार यादव बलौदा हैं।

## हार्मोन असंतुलन के लक्षणों पर महिलाओं को जरूर देना चाहिए ध्यान

# हार्मोन का लगातार बिगड़ता संतुलन घातक साबित हो सकता है आपके शरीर के लिए

महिलाओं के शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होने पर इसके कई लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों को अक्सर महिलाएं इग्नोर कर देती हैं। कई बार महिलाएं इन लक्षणों के पीछे का असली कारण नहीं समझ पाती हैं। जिसके चलते उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। शरीर के कई फंक्शन्स पर हार्मोन्स के उतार-चढ़ाव का असर होता है। खासकर महिलाओं के लिए हार्मोन्स का बैलेंस होना जरूरी है। पीरियड्स का हैवी होना, पीएमएस में दिक्कत, नींद आने में मुश्किल और भी कई संकेत हैं, जो अलग-अलग हार्मोन के उतार-चढ़ाव की ओर इशारा करते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि हार्मोनल इंबैलेंस के किन 4 लक्षणों पर महिलाओं को जरूर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। मनप्रीत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।

### महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस के लक्षण

अगर शरीर में एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ा हुआ है, तो हैवी पीरियड्स, सिरदर्द, पीरियड्स में बहुत अधिक दर्द और कब्ज हो सकती है। यह हार्मोन महिलाओं के रिप्रोडक्टिव ऑर्गन से जुड़ा है



और महिलाओं की हेल्थ के लिए इसका सही लेवल में होना बहुत जरूरी है। महिलाओं में इस सेक्स हार्मोन के कम या ज्यादा होने पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसका लेवल कम होने पर रात को पसीना आना, डिप्रेशन, वजाइना का ड्राई होना और यौन इच्छा में कमी जैसे संकेत नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन भी एक सेक्स हार्मोन है। इसकी कमी होने पर एंग्जायटी, पीएमएस में अधिक मुश्किल और पीरियड्स में स्पॉटिंग हो सकती है।

इसकी कमी होने पर बहुत अधिक थकान, सिरदर्द और थकावट (थकान के कारण) जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं। प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कंसीव करने के लिए भी जरूरी होता है। हर महीने ओव्यूलेशन के बाद अंडाशय में यह हार्मोन उत्पन्न होता है। इसका लेवल बहुत अधिक बढ़ना भी सही नहीं है। इससे एक्ने, ऑयली स्किन, चेहर पर अनचाहे बाल और बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। तनाव अधिक होने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन की मात्रा बढ़ने लगती है। इसके बढ़ने पर थकान, कमजोरी और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।





# भिलाई की महिला क्रिकेट टीम ने शुरू की राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए जोरदार तैयारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक नगरी भिलाई में महिला क्रिकेट का स्तर लगातार ऊंचा हो रहा है। स्थानीय महिला क्रिकेट टीम ने आगामी राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भिलाई के सेक्टर -7 स्टेडियम में चल रही अभ्यास सत्रों में खिलाड़ियों का जोश देखने लायक है, जो न केवल टीम की एकजुटता को दर्शा रहा है, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी साबित हो रहा है। पूर्व क्रिकेटर एवं कोच गोकरन टंडन ने बताया, ₹हमारी टीम में 15 खिलाड़ी हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं। हम दैनिक दो सत्रों में अभ्यास कर रहे हैं, जिसमें फिटनेस, बैटिंग, बोलिंग और फील्डिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य चैंपियनशिप जनवरी 2026 में रायपुर में आयोजित होनी है, और हम इस बार फाइनल तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर तैयारी कर रही हैं।₹ कोच गोकरन टंडन ने कहा कि हाल ही में संपन्न जिला स्तरीय टूर्नामेंट में टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जो आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा। कोच अनिता वर्मा के नेतृत्व में टीम का अभ्यास सुबह 6 बजे से शुरू होता है, जिसमें योग और वार्म-अप सेशन शामिल हैं। दोपहर के सत्र में नेट प्रैक्टिस और मैच सिमुलेशन पर जोर दिया जाता है। टीम में उभरती हुई सलामी बल्लेबाज प्रिया ठाकुर और स्पिनर नेहा पटेल जैसे युवा चेहरे शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना देख रही हैं। प्रिया ने कहा, ₹भिलाई जैसे शहर में क्रिकेट के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन हमें और अधिक स्पॉन्सरशिप की जरूरत है। हम स्थानीय व्यवसायों से अपील करते हैं कि महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करें।₹ छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ (सीसीएस) के अधिकारियों ने बताया कि भिलाई की टीम राज्य स्तर पर मजबूत दावेदार है। संघ के सचिव रामेश्वर यादव ने कहा, ₹महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हमने विशेष कैंप आयोजित किए हैं। भिलाई टीम को अतिरिक्त कोचिंग और किट उपलब्ध कराई जा रही है।₹ यह तैयारी राष्ट्रीय स्तर पर महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता से प्रेरित है, जहां हाल ही में भारतीय महिला टीम ने वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया।



### राष्ट्रीय तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ को गोल्ड सहित तीन पदक

**रायपुर।** 42वीं एन.टी.पी.सी. सब जूनियर तीरंदाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता ईटानगर के अरूणांचल प्रदेश में जारी है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसिएशन के 30 तीरंदाज, कोच, मैनेजर शामिल हुए। प्रतियोगिता में शनिवार को इंडियन वर्ग में चांदनी साहू ने 30 मीटर में गोल्ड मेडल, तोरण यादव ने 20 मीटर में ब्रांज मेडल तथा इंडियन वर्ग की टीम इवेंट में महिला वर्ग ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। टीम इवेंट में चांदनी साहू, निकिता यादव, सरिता बघेल और सिमरन खुसरो तथा कोच प्रभु पोर्ते और बिन्देश्वरी देवी साथ में उपस्थित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसिएशन के सचिव आयुष मुरारका ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन रिकर्व वर्ग में भी शानदार रहा। ब्वायस वर्ग में निशांत ने 8 वां स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक विजय पर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजयी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई दी है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश मुरारका, दीपेश अरोरा, रामलखन पैकरा, भरत मटियारा, वंदना उईके, इतवारी कोच, टी.टी. बेहरा, आत्माराम बंजारे सभी तीरंदाज, कोच, सभी विजयी तीरंदाजों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



### खुश रहने के लिए अपनाएं ये तरीके, जीवन में आ जाएगी बहार

क्या आप खुश रहते हैं? ये सवाल जितना आसान और छोटा है। इसका जवाब ही लोग उतना घुमाकर देते हैं। दरअसल, शायद ही कोई ऐसा हो जो इस जिंदगी में पूरी तरह खुश हो, क्योंकि कोई न कोई टेंशन उनको खुश नहीं रहने देती। कभी काम की टेंशन, कभी पार्टनर की टेंशन, कभी घर की समस्या या कभी अपनी किसी पर्सनल दिक्कत को लेकर परेशान रहते हैं और फिर खुश नहीं रह पाते। पर शायद आप ये नहीं जानते कि खुश रहना है या नहीं, ये सब आप पर ही निर्भर करता है। आप चाहें तो कुछ बातों का ध्यान रखकर और कुछ तरीकों को अपनाकर खुश रह सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ये कौन से तरीके हैं, जिनसे आप खुश रह सकते हैं। अगली स्लाइड्स में आप इस बारे में जान सकते हैं... खुश रहने के लिए इन बातों का रख सकते हैं ध्यानः-

#### नेगेटिव लोगों से रहें दूर

अगर आप खुश रहना चाहते हैं, तो सबसे पहले तो इस



बात का ध्यान रखें कि ऐसे लोगों से दूर रहें जो गलत हैं बुरे हैं। दरअसल, जो लोग नेगेटिव होते हैं वो खुद तो खुश रहते नहीं और वो आपको भी नहीं रहने देते। इसलिए ऐसे लोगों के बीच रहें जो पॉजिटिव हों।

#### अपनी पसंद को दें समय

हमेशा वो काम करें, जिसे करने में आपको खुशी मिलती है। कई लोग बिना खुशी के भी काम करते रहते हैं, लेकिन इसकी जगह आप वो कर सकते हैं जिससे आपको खुशी मिले। जैसे- अगर आपको पेटिंग पसंद है, कुछ लिखना पसंद है आदि, तो आप ये काम कर सकते हैं। ऐसा करने से आप खुश रह सकते हैं।

#### दोस्तों से बात करें

हर किसी के जीवन में कोई न कोई ऐसा दोस्त या ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके पास बैठकर, जिससे बात करके उसे खुशी मिलती है। ऐसे में आप भी अपने उसी दोस्त के साथ समय बिता सकते हैं और खुद को खुश रखने की तरफ एक कदम बढ़ा सकते हैं।

#### सकारात्मक माहौल बनाएं

कई चीजें ऐसी होती हैं जो हमें बेहद खुशी देती हैं। जैसे- कोई तस्वीर, कोई याद आदि। ऐसे में आप उस सकारात्मक याद को अपने आसपास रख सकते हैं। जैसे- अगर कोई तस्वीर है, तो ऑफिस की या घर की टेबल पर उसे लगा सकते हैं या आप अपने घर में कोई नया पौधा लगा सकते हैं आदि। इससे आपका और आसपास का माहौल खुशनुमा बना रहने में मदद मिल सकती है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

एक चार्जिंग में 60 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
आसान किस्तों में 0% डाउनपेमेंट में BAJAJ FINSERV
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टार्ट
नये युग की ई-स्कूटर
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744
छत्तीसगढ़ में डीलरशीप के लिये संपर्क करें

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

BIG BULL ECO FRIENDLY सेल्स | सर्विस | स्पेयर्स
ई- रिक्शा & ई-लोडर
ई- रिक्शा Prize 1.65 लाख
लीथियम बैटरी के साथ
पुरानी बैटरी लाएं नयी लीथियम बैटरी ले जायें
ई-लोडर में 1.5 टन की क्षमता
माइलेज 150 कि.मी.
डीलर : शुभ मार्केटिंग
डीलरशीप के लिए सर्म्क करें:- भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200
महिंद्रा शोरूम के बाजू में, भनपुरी चौक, रायपुर (छ.ग.)

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# तीन साल के इंतजार के बाद अब आई 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन-5



मिली बॉबी ब्राउन स्टारर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5, लगभग तीन साल के इंतजार के बाद ओटीटी पर रिलीज की गई है। साइंस-फिक्शन कहानी का पहला सीजन साल 2016 में शुरू हुआ था। सीजन 5 में उन सवालों के जवाब मिले हैं जो सीजन चार में अधूरे रह गए थे।
नेटफ्लिक्स 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के पहले चार एपिसोड 26 नवंबर को रिलीज किए गए हैं, उसके बाद क्रिसमस पर तीन एपिसोड और न्यू ईयर की शाम को फिनाले एपिसोड रिलीज करेगा। भारत में ये सभी एपिसोड 27 नवंबर से सुबह 6:30 बजे से स्ट्रीम किए गए। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के हर वॉल्यूम में चार एपिसोड हैं। इन सबकी लंबाई लगभग 54 मिनट से लेकर 1 घंटा 23 मिनट रखी गई है। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'फीलिंग सेट है। स्ट्रेंजर थिंग्स 5 का पहला वॉल्यूम सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।'
सीरीज के अगले सीजन की रिलीज डेट जानकर फैंस उत्साहित हैं। कई यूजर्स ने इस पोस्ट पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'अब नेटफ्लिक्स की फीलिंग सेट है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'नया सीजन देखने और उसका रिव्यू लिखने के लिए उत्साहित हूं।' एक और यूजर ने पूछा है कि क्या इसे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज करोगे?
सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, विनोना राइडर, फिन वोल्फहार्ड, गेटन माताराजो, केलेब मैकलॉघलिन और नोआ श्नैप जैसे कलाकार नजर आएंगे। इस सीरीज के सीजन पांच के निर्देशक शॉन लेवी हैं।

### टॉलीवुड

# 'अखंडा 2' रिलीज से पहले नंदमुरी ने की गुजारिश, फैंस पर दर्ज हो चुकी एफआईआर



अभिनेता और राजनेता नंदमुरी बालकृष्ण अपनी अपकमिंग फिल्म 'अखंडा 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के प्री रिलीज इवेंट में उन्होंने अपने फैंस से एक गुजारिश की है। अभिनेता ने फैंस से कहा कि 'अखंडा 2' की रिलीज के वक्त बकरों की बलि न चढ़ाएं। इस साल की शुरुआत में उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' रिलीज हुई थी। इस मौके पर उनके पांच फैंस के खिलाफ एक बकरे की बलि चढ़ाने के इल्जाम में एफआईआर दर्ज की गई थी।
नंदमुरी बालकृष्ण ने 'अखंडा 2' के प्री रिलीज इवेंट में अपने फैंस से कहा कि जब वह फिल्म देखने जाएं तो सिनेमाघरों के बाहर किसी भी जानवर को न मारें। उन्होंने कहा 'मैं आपको एक चीज बताना चाहता हूं वह यह कि हर राज्य की अपनी परंपरा होती है। आप में से कई लोग फिल्म रिलीज होने पर बकरों का सिर काटते हैं, कृपया ऐसा न करें।'
अभिनेता ने आगे कहा 'किसी जीव को नुकसान पहुंचाना अच्छी बात नहीं है। ये जान लो कि उन्हें भी जीने का अधिकार है। हमें चार पैर वाले जानवरों की भी उतनी ही इज्जत करनी है, जितनी दो पैर वाले इंसानों की। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी गुजारिश को मानेंगे।' अभिनेता की इस गुजारिश का वीडियो सोशल मीडिया पर है। इस पर एक यूजर ने कमेंट किया है 'बहुत अच्छा संदेश। मासूम जानवरों को मारने का कोई मतलब नहीं है। जिनके पास पालतू जानवर हैं वह इसका दर्द जानते हैं।' आपको बता दें कि 'डाकू महाराज' की रिलीज के वक्त बालकृष्ण के फैंस का एक हैरान करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें फैंस एक बकरे का सिर काट रहे थे और उसका खून 'डाकू महाराज' के पोस्टर पर लगा रहे थे।

### भोजपुरी

# 'सटावा जनी राइफल करेजवा पर', में रोमांटिक अंदाज देख लट्टू हो रहे फैन्स



अंशुमान सिंह और सपना चौहान का नया गाना 'सटावा जनी राइफल करेजवा पर' रिलीज कर दिया है, जिसे देख भोजपुरी फैन्स लट्टू हो चुके हैं। इस गाने में शानदार केमिस्ट्री, एक्सप्रेशन और रोमांटिक अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रही हैं। भोजपुरी संगीत की दुनिया में एक बार फिर धमाका करते हुए रितु रमन फिल्म प्रोडक्शन ने अपना नया गाना 'सटावा जनी राइफल करेजवा पर' रिलीज कर दिया है। रिलीज होते ही यह गाना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया है। गाने में एक्टर अंशुमान सिंह राजपूत और खूबसूरत अदाकारा सपना चौहान की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। दोनों कलाकारों के एक्सप्रेशन और रोमांटिक अंदाज पर लोग भी खूब लट्टू होते दिख रहे हैं। गाने के प्रड्यूसर सी.बी. रमन ने बताया कि भोजपुरी म्यूजिक की दुनिया में क्वॉलिटी कंटेंट की बढ़ती मांग को देखते हुए यह प्रोजेक्ट एक बड़ा प्रयास है। प्रोडक्शन टीम में कृष्णा मुरारी रमन और मनोरमा रमन का क्रिएटिव मार्गदर्शन भी गाने को अलग पहचान देता है। इस पूरे प्रोजेक्ट में राजकुमार सर का खास सहयोग रहा, जिसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया है। गाने में अंशुमान सिंह और सपना चौहान की एक्टिंग कमाल है। दोनों की ऑन-स्क्रीन जोड़ी ने गाने में रोमांस और मनोरंजन का बेहतरीन बैलेंस किया है। अंशुमान सिंह ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बेहद करीब है और इसकी शूटिंग के दौरान उन्होंने हर एक फ्रेम में अपनी पूरी एनर्जी और सच्चाई के साथ अभिनय किया है।

## लाइफ स्टाइल

### पर्सनल स्टाइल



कभी-कभी कोट ही आउटफिट होता है। इस कहावत के पीछे व्यवहारिक बात है क्योंकि आप ठंड के मौसम में कवच की तरह काम करने वाले किसी कोट के बिना घर से बाहर नहीं निकल सकते। लेकिन फैशन की दुनिया में पर्सनल स्टाइल की अलग बात होती है। जब एक क्लासिक ट्रेंच परफेक्ट कट हो, या चेरी रेड डस्टर एक शानदार कलर पॉप हो, तो यह स्टाइल को पर्सनलाइज़ करता है और आउटरवियर में शामिल हो जाता है।

# आयुर्वेदिक पाउडरों से धोएं बाल, कई समस्याओं से मिलेगा छुटकारा



बाजार में कई हेयर केयर प्रोडक्ट आते हैं, जो बालों की कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं लेकिन इनमें मिले केमिकल की वजह से इसका असर कुछ दिन तक रहता है।
यानी कि अगर आप इसका लगातार इस्तेमाल करेंगे तब तो आपके बाल सही रहेंगे, वरना कई तरह की परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में आपको कुछ ऐसे आयुर्वेदिक पाउडरों के बारे में जानना चाहिए जिनसे बाल धोने के बाद आपको कई परेशानियों के छुटकारा मिल जाएगा।
आपको शिकाकाई, आंवला और रीठा के पाउडरों से बाल धोने का सही तरीका जानना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले तीनों पाउडरों को बराबर मात्रा में निकाल कर अलग रख लें। इसके बाद एक बर्तन में पानी उबालकर ये मिला दें। जब पानी ठंडा हो जाए तो उससे बालों को धो लें। इस घोल से आपके सिर पर झाग बनने लगेगा, जिसके बाद आप सादा पानी से बाल धो सकते हैं। अगर आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों से अपने बाल नियमित रूप से धोएंगे तो इससे आपके सिर की जड़ों पर जमने वाले अतिरिक्त तेल से आपको राहत मिलेगी। बालों में जमने वाली गंदगी को दूर करने में ये आयुर्वेदिक पाउडर काफी मददगार रहते हैं। इनके इस्तेमाल से बालों की मजबूती भी बरकरार रहती है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ रहे हैं तो आप इन आयुर्वेदिक पाउडरों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा दोमुंहे हैं तो ये आयुर्वेदिक पाउडर आपकी इस समस्या को भी दूर करने में मददगार हैं।

# सिंपल साड़ी के साथ वियर करें हैवी डिजाइन के खास ब्लाउज



साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ अच्छे डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करती हैं।आजकल मार्केट में अलग-अलग तरह की साड़ी के डिजाइन मिल जाते हैं। लेकिन हर बार हैवी साड़ी पहनने की वजह से कई बार हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप सिंपल साड़ी खरीद सकती हैं, जिसके साथ हैवी ब्लाउज काफी अच्छा लगेगा। इसके लिए हैवी वर्क में ब्लाउज के काफी सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप वियर करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।



### थ्रेड वर्क ब्लाउज डिजाइन

अगर आपकी साड़ी में थ्रेड वर्क है तो आप इसके साथ हैवी वर्क वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। सें डिजाइन का भी बना सकती हैं वरना अलग से कपड़ा लेकर भी इसे सिलवा सकती हैं। इससे आपकी साड़ी हैवी नजर आएगी। साथ ही आपका लुक यूनिक लगेगा। इसके साथ आप ब्लाउज की नेकलाइन को डीप रख सकती हैं। इससे भी आप बेहद खूबसूरत लग सकती हैं।

### जरी वर्क ब्लाउज

प्लेन साड़ी में लुक तभी परफेक्ट लगता है जब आप उसके साथ हैवी वर्क ब्लाउज वियर करती हैं। इससे आप काफी सुंदर (स्लीवलेस ब्लाउज) लगती हैं। इसमें आपको पूरे ब्लाउज में जरी वर्क मिलेगा। लेकिन इसमें बाजू आपको प्लेन मिलेगी। इससे आपका लुक और साड़ी दोनों ही अच्छी नजर आएगी। आप चाहे तो जरी बॉर्डर के साथ भी इस तरीके के ब्लाउज को खरीद सकती हैं। मार्केट से आपको इस तरीके के ब्लाउज रेडिमेड मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 500 रुपये में मिल जाएगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स और मेसी बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### स्टोन वर्क ब्लाउज

आजकल स्टोन वर्क ब्लाउज काफी ट्रेंड में है। इसस तरब के ब्लाउज आफको मार्केट में भी मिल जाएंगे। वरना आप चाहे (फुल स्लीव्स ब्लाउज) तो फेब्रिक खरीदकर भी इसे डिजाइन कर सकती हैं। सिंपल साड़ी के साथ आप इसे कॉन्ट्रास्ट करके पहन सकती हैं।

# शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।
इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है। ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।

### गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो



त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

### करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

# प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके

बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता। इन सभी परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए बाजार में तमाम तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, जिनमें काफी ज्यादा केमिकल भी पाया जाता है। ऐसे में ये फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान भी पहुंचा देते हैं। इसी के चलते ज्यादातर लोग चेहरे को चमकाने के लिए घरेलू प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने चेहरे के दाग-धब्बों को साफ कर सकते हैं।

### दही और नींबू

अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के



लिए आपको दही में नींबू का रस मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

### एलोवेरा जेल

अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### सर्दियों में शादी के दौरान स्टाइलिश लुक पाने सही कपड़ों का चयन जरूरी

# सर्दियों की शादी में भी मिलेगा स्टाइलिश लुक खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे आउटफिट्स

सर्दियों के सीजन में शादियों के दौरान इस तरह के कपड़े पहनने चाहिए जो ठंड से बचाने के साथ-साथ लुक को भी निखारने का काम करें। शादियों में पहने जाने वाले पुरुषों के आउटफिट्स पर जरूर नजर डालिए।

### टक्सेडो

सर्दियों की शादी में टक्सेडो पहनना एक बेहतरीन विकल्प है, क्योंकि यह एक कमाल का लुक देने का काम करता है। टक्सेडो का सही फिट होना बहुत ज़रूरी है। इसे कंधों और छाती पर सही तरह से बैठना चाहिए। सुनिश्चित करें कि जैकेट की लंबाई सही हो और यह न तो बहुत टाइट हो, न ही बहुत ढीला। पारंपरिक टक्सेडो का रंग काला होता है, जो हर अवसर पर परफेक्ट रहता है। हालांकि, अगर आप कुछ अलग और बोल्ड दिखना चाहते हैं, तो मिडनाइट ब्लू या सफ़ेद टक्सेडो भी एक शानदार विकल्प हो सकते हैं।

### थ्री-पीस सूट

सर्दियों की शादी के लिए थ्री-पीस सूट एक बेहतरीन विकल्प हो



सकता है, क्योंकि यह न केवल शादियों में स्टाइलिश और आकर्षक लगता है, बल्कि यह मौसम के हिसाब से भी आरामदायक रहता है। यदि आप क्लासिक लुक चाहते हैं तो गहरे रंगों जैसे नेवी ब्लू या चारकोल ग्रे का चयन करें।

### डबल-ब्रेस्टेड सूट

डबल-ब्रेस्टेड सूट सर्दियों की शादी के लिए अच्छा आप्शन हो सकता है, खासकर यदि आप स्टाइलिश दिखना चाहते हैं। इसे पहनने के समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। सूट की जैकेट को कंधों और छाती पर अच्छे से फिट होना चाहिए, ताकि यह न तो बहुत ढीली हो और न ही बहुत तंग।

### मिडनाइट ब्लू सूट

मिडनाइट ब्लू सूट ठंडे मौसम में शादियों के लिए परफेक्ट माना जाता है। यह रंग न केवल आकर्षक दिखता है, बल्कि इसके गहरे शेड के कारण यह ठंडे माहौल में भी गर्मी महसूस कराता है। सूट की फिटिंग पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है, ताकि आप आकर्षक और सहज महसूस करें।

### कॉरडरॉय सूट

कॉरडरॉय सूट इन दिनों पुरुषों के फैशन में चार चांद लगाने का काम कर रहा है। खासकर सर्दियों के मौसम में ये गर्म और आरामदायक होते हैं, साथ ही एक स्टाइलिश और डिस्टिंक्ट लुक भी देता है। कॉरडरॉय सूट के रंगों की विविधता को ध्यान में रखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी त्वचा की रंगत से मेल खाता हुआ रंग चुनें।

